26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 1 अक्टूबर, 2026
अंक- 338 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## अक्टूबर में भी मानसून के 85 फीसदी से कम रहने का अनुमान

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** मौसम विभाग ने बुधवार को जारी अपने ताजे अनुमान में कहा है कि पूरे देश के लिए अक्टूबर 2026 में मासिक वर्षा सामान्य से कम और दीर्घावधि वर्षा औसत से 85 प्रतिशत से कम रहने का अनुमान है। अक्टूबर महीने के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों, प्रायद्वीपीय भारत के दक्षिणी हिस्सों और पूर्वी भारत के अलग-अलग इलाकों में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है, जबकि देश के बाकी राज्यों में सामान्य से कम वर्षा होने की उम्मीद है। मौसम विभाग की यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार अक्टूबर से दिसंबर के दौरान दक्षिणी इलाकों तमिलनाडु, पुडुचेरी व कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश व यनम, रायलसीमा, केरल व माहे तथा दक्षिणी कर्नाटक में मौसमी वर्षा सामान्य (दीर्घकालिक औसत का 88 से 112 प्रतिशत) रहने की सर्वाधिक संभावना है। हालांकि, उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों और प्रायद्वीपीय भारत के दक्षिणी इलाकों को छोड़कर, देश के अधिकांश हिस्सों में इस दौरान सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है। मौसम संबंधी वैश्विक स्थितियों का उल्लेख करते हुए विभाग ने बताया कि भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में इस समय मजबूत एल नीनो परिस्थितियां बनी हुई हैं। इसके इस साल के अंत तक और अधिक मजबूत होने की संभावना है। दूसरी ओर, हिंद महासागर में वर्तमान में न्यूट्रल इंडियन ओशन डिपोल की स्थिति बनी हुई है, जो उत्तर-पूर्वी मानसून के दौरान भी स्थिर बनी रहेगी। विभाग अक्टूबर के अंत में नवंबर 2026 के लिए नया अनुमान जारी करेगा।

# भारतीय पायलट कैप्टन स्मित की बहादुरी को दुनिया का सलाम



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान एफजेड1073 में बुधवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब कॉकपिट के अंदर दोनों पायलटों के बीच कथित तौर पर हिंसक झड़प हो गई। घटना के दौरान भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद विमान अचानक तेजी से नीचे जाने लगा। रिपोर्टों के मुताबिक, विमान ने बेहद कम समय में हजारों फीट की ऊंचाई खो दी। स्थिति बिगड़ती देख यात्रियों और चालक दल के सदस्यों ने कॉकपिट तक पहुंचने की कोशिश की। घायल होने के बावजूद कैप्टन मच्छार ने कॉकपिट का दरवाजा खोलने में मदद की, जिससे अंदर मौजूद हमलावर को काबू करने का रास्ता बना। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कैप्टन मच्छार के साहस की खास तौर पर तारीफ की। उनके मुताबिक, भारतीय पायलट बुरी तरह घायल और खून से लथपथ थे, लेकिन उन्होंने कॉकपिट का दरवाजा खोलने में मदद की। इसके बाद इस्राइली यात्री यानिव हयून कॉकपिट के अंदर पहुंचे। नेतन्याहू के अनुसार, हयून ने कथित हमलावर को पीछे से पकड़कर नियंत्रण से दूर किया और पायलट की सीट पर पहुंचकर विमान को संभालने में मदद की। अन्य यात्रियों और क्रू सदस्यों ने भी हमलावर को काबू करने में भूमिका निभाई। घटना के बाद फ्लाईदुबई के विमान को सऊदी अरब की ओर मोड़ दिया गया। विमान ने तबूक में सुरक्षित लैंडिंग की। इसके बाद यात्रियों को दूसरे विमान से तेल अवीव भेजा गया। फ्लाईदुबई ने भी पुष्टि की कि फ्लाइट के कॉकपिट में झड़प हुई थी और विमान में मौजूद ड्यूटी क्रू ने स्थिति को संभालते हुए विमान को सुरक्षित रूप से डायवर्ट किया।

## 9/11 जैसी आपदा से बचाया- नेतन्याहू

नई दिल्ली। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि फ्लाईदुबई के पायलटों और यात्रियों ने विमान में 9/11 जैसी आपदा होने से रोक दिया। इजरायल जा रही इस फ्लाइट में एक पायलट ने अपने साथी पर चाकू से हमला कर दिया था, जिसके बाद विमान हजारों फीट नीचे चला गया। नेतन्याहू ने सीएनएन को बताया कि भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार पर हमला होने के बाद उन्होंने कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया था। नेतन्याहू के मुताबिक, दरवाजा खुलने के बाद इजरायली यात्री यानिव हयून कॉकपिट में पहुंचे।

## कैप्टन स्मित मच्छार हीरो हैं

### भारतीय पायलट की बहादुरी के मुरीद हुए पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्लाईदुबई के भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी की तारीफ की है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें हीरो बताया। उन्होंने कहा कि बेहद गंभीर खतरे के बीच घायल होने के बावजूद कैप्टन मच्छार ने हिम्मत नहीं छोड़ी। उन्होंने दूसरों की जान बचाने के लिए पूरी मजबूती से मुकाबला किया। पीएम मोदी ने कहा कि कैप्टन मच्छार की बहादुरी से सैकड़ों लोगों की जान बचाने में मदद मिली। एक बड़ी त्रासदी को टाला जा सका। प्रधानमंत्री ने उनके जल्द ठीक होने की कामना भी की। उन्होंने कहा कि भारत को कैप्टन मच्छार पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, कैप्टन स्मित मच्छार एक हीरो हैं। गंभीर खतरे के बीच और बुरी तरह घायल होने के बावजूद उन्होंने दूसरों की जान बचाने के लिए जबरदस्त साहस और अटूट संकल्प दिखाया। उनकी बहादुरी से सैकड़ों लोगों की जान बचाने और एक बड़ी त्रासदी को टालने में मदद मिली।

## दिवाली पर पटाखों के सीमित इस्तेमाल का सुप्रीम कोर्ट ने दिया संकेत

### न पूरी तरह से रोक न ही बेलगाम इस्तेमाल



**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को संकेत दिया कि वह दिवाली के दौरान निर्धारित समय-सीमा के भीतर विशिष्ट श्रेणियों के पटाखों को फोड़ने की अनुमति देने पर विचार कर रहा है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वह न तो पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगायेगा और न ही पूरे दिन अनियंत्रित रूप से पटाखे जलाने की अनुमति देगा। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि पूर्ण प्रतिबंध से त्यौहार मनाने वाले लोगों की भावनाएं आहत हो सकती हैं, जबकि बिना किसी समय सीमा के पटाखे जलाने की अनुमति देने से पर्यावरण के साथ-साथ बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों जैसे लोगों पर खराब प्रभाव पड़ेगा।

## स्वर्ण पदक के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच होगी भिड़ंत

**निशिन (एजेंसी/चिंगारी)।** इशान किशन (नाबाद 80) की आतिशी अर्धशतकीय पारी के बाद जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और अभिषेक शर्मा (दो-दो) विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत आज एशियाई खेलों की क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका को 124 रनों से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। अब खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम का मुकाबला चिप प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

## जेब में रुपये होने के शक में की गई थी अनीस की हत्या

### शराब पीने के दौरान तलाशी लेने को लेकर हुआ था विवाद, दो आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा (चिंगारी)।** शराब पीने के दौरान अनीस के पास रुपये होने के शक में उसकी तलाशी लेने को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ा कि तीन लोगों ने कथित तौर पर अनीस की हत्या कर दी और शव को रजवाहे की पटरी से करीब 50 कदम अंदर गन्ने के खेत में छिपा दिया। पुलिस ने दो आरोपियों हिमांशु और राजा को गिरफ्तार किया है।



पुलिस के मुताबिक, 27 सितंबर 2026 को अनीस के भाई जमील निवासी ग्राम मकसूदपुर ने थाना स्योहारा में अनीस की गुमशुदगी की सूचना दी थी। जांच के दौरान हिमांशु, राजा और हरप्रीत उर्फ हर्ष उर्फ उमंग पर संदेह हुआ। पूछताछ में सामने आया कि 23 सितंबर की रात अनीस अपने साथियों के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान अनीस के पास रुपये होने के शक में उसकी तलाशी लेने को लेकर विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार, विवाद बढ़ने पर हिमांशु ने अनीस के हाथ पकड़ लिए, राजा ने उसके पैर दबा लिए और हरप्रीत ने कथित तौर पर बेल्ट से गला दबाकर तथा नुकीली सलाई से गर्दन पर वार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को गन्ने के खेत में छिपा दिया गया। घटना के समय पहने खून से सने कपड़ों और अन्य सामान को अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिया गया था। पुलिस ने हिमांशु पुत्र राजकुमार निवासी अम्बेडकर नगर, कस्बा व थाना हल्दौर तथा राजा पुत्र धर्मवीर निवासी जमुनावाला, हल्दौर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर मृतक का आधार कार्ड और खून से सने कपड़े बरामद किए हैं।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# भोले की मौत के प्रकरण में पत्नी ने पेट्रोल पम्प मालिक पर लगाये गंभीर आरोप

## भोले को पेट्रोल पम्प से नहीं मिल रहा था वेतन

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** बुधवार को क्षेत्र के ग्राम रावटी निवासी हेमचंद उर्फ भोले की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के प्रकरण में उनकी पत्नी कमलेश ने पेट्रोल पंप मालिक पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि उनके पति पिछले कई वर्षों से पेट्रोल पंप पर नौकरी करते थे, लेकिन उन्हें लंबे समय से वेतन नहीं दिया जा रहा था। इससे वह काफी परेशान रहते थे।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, हेमचंद उर्फ भोले अम्हेड़ा स्थित श्री साईं पेट्रोल पंप पर कर्मचारी थे। उनकी पत्नी का आरोप है कि पेट्रोल पंप मालिक विमल गुप्ता द्वारा करीब दो-तीन वर्षों से उनके पति को वेतन नहीं दिया जा रहा था। इस कारण उनके पति मानसिक तनाव में रहते थे और कई बार अपनी परेशानी भी बताते थे। शिकायत में महिला ने बताया कि 25 सितंबर 2026 को उनके पति नये कपड़े पहनकर घर से पेट्रोल पंप पर जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। 30 सितंबर को शाम करीब 5:30 बजे उन्हें पति की मौत की सूचना मिली। हेमचंद का शव प्लास्टिक की रस्सी से उनके खेत में स्थित पॉपुलर के पेड़ से लटका मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

महिला ने अपनी शिकायत में पति की मौत के लिए पेट्रोल पंप मालिक पर आरोप लगाते हुए मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मृतक के परिवार में पत्नी, एक बेटी पूजा और दो बेटे थे। महिला के अनुसार, उनके एक बेटे की भी करीब पांच वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है।

घटना के संबंध थाना प्रभारी निरीक्षक रविकरन सिंह ने बताया कि मृतक की जेब से मिले सुसाइड नोट के आधार पर विमल गुप्ता के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# कक्षा 12 की छात्रा प्रिया बनी एक दिन की थाना इंचार्ज

## कुर्सी पर बैठकर थाने की कार्य प्रणाली को समझा, फरियादियों की समस्याएं सुनीं



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत बृहस्पतिवार को हीमपुर दीपा थाने में दयानंद जनता इंटर कॉलेज की कक्षा 12-ए की छात्रा कुमारी प्रिया शर्मा को एक दिन के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। रतनपुर खुर्द निवासी प्रिया शर्मा पुत्री संजीव शर्मा ने थाना प्रभारी निरीक्षक की कुर्सी पर बैठकर थाने की कार्यप्रणाली को करीब से समझा और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। थाना प्रभारी निरीक्षक रवि करन सिंह की मौजूदगी में एक दिन की थाना प्रभारी बनीं प्रिया शर्मा ने थाने में आने वाले फरियादियों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों से शिकायतों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये। इस दौरान छात्रा ने पुलिस के सामने आने वाली विभिन्न प्रकार की शिकायतों और उनके निस्तारण की प्रक्रिया को समझा। प्रिया शर्मा ने थाने में रखे रजिस्टर नंबर 8, 4 और 5 के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पुलिसकर्मियों से इन रजिस्टरों में दर्ज होने वाली सूचनाओं और उनके रखरखाव की प्रक्रिया के बारे में पूछा। इसके साथ ही थाने में संचालित मोबाइल ट्रैकर व्यवस्था की जानकारी ली और कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रा ने पुलिसकर्मियों से विभिन्न कार्यों के संबंध में सवाल किए। पुलिसकर्मियों ने उन्हें थाने में होने वाले दैनिक कार्य, शिकायतों की प्रक्रिया, अभिलेखों के रखरखाव और तकनीकी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी।



## यशिका फैब्रिक शोरूम का हुआ उद्घाटन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** स्टेशन रोड स्थित लाहौटी मार्केट में यशिका फैब्रिक शोरूम का फीता काटकर उद्घाटन साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन एवं आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नजीबाबाद विधानसभा से भावी प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी ने किया। इस अवसर पर खुर्शीद मंसूरी ने शोरूम के ऑनर अफजाल, फैसल एवं अब्बू बकर को नए प्रतिष्ठान की शुरुआत पर मुबारकबाद देते हुए तरक्की की दुआ की। कार्यक्रम में व्यापारी नेता कपिल सर्राफ, अयाज़ अंसारी, ज़ीशान मुल्तानी, मुकीम कुरैशी, धीरज झा, इसरार मुल्तानी, इफराहीम, मोनू टाटा, रईस, राकेश, शाहिद सिद्दीकी, मौअज्जम, फरहत खान, दीपांशु, सिराज, शमीम अहमद सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## प्रेमी के साथ घूम रही थी करके बहाना, मां ने दोनों को दिखाया थाना

**नूरपुर ( चिंगारी )।** प्रेमी संग बाजार में घूम रही युवती को उसकी की मां ने देख लिया। उसने डायल 112 को सूचना दी, जिस पर पुलिस प्रेमी-प्रेमिका को थाने ले गई। प्रेमी युगल के पकड़े जाने से बाजार में भीड़ एकत्र हो गई। महिला की शिकायत पर पीआरवी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच बहस होती रही। पुलिस ने स्थिति संभालते हुए प्रेमी युगल और उसकी मां को थाने पहुंचाया। युवती ने पुलिस को बताया कि नगीना निवासी युवक से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों पक्षों से पूछताछ कर पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# अतिन चौधरी अध्यक्ष व आकाश विश्नोई उपाध्यक्ष मनोनीत



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने अतिन चौधरी को डबल फाटक का शाखा अध्यक्ष व आकाश विश्नोई को उपाध्यक्ष नियुक्त किया। दोनों पदाधिकारियों का व्यापारियों द्वारा मनोनयन पत्र भेंट करने के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। नवमनोनीत पदाधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने व संगठन को मजबूत बनाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर संगठन के जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी, जिला महासचिव रईस कुरैशी, जिला सचिव शाहनवाज, जिला सचिव शमीम अहमद, युवा नगर अध्यक्ष शेर अली, नगर सचिव धीरज झा, शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, शाखा अध्यक्ष आसिफ भाई, शाखा अध्यक्ष अय्यूब, मीडिया प्रभारी दीपांशु वर्मा, शाखा उपाध्यक्ष सिताब खान, शाखा मंत्री जावेद आदि उपस्थित रहे।


नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं

ATHER

असली इलेक्ट्रिक एथर इलेक्ट्रिक इंडिया का नं. फैमिली स्कूटर



लिमिटेड स्टॉक

नवरात्रों के लिये बुकिंग प्रारंभ

अपनी पसंद का स्कूटर आज ही बुक करायें।

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 9119766026

DHAMPUR :

Indra Nagar Colony Near AYushman Hospital Dhampur MOb. 9762717747

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए निकाली जागरूकता रैली, डीएम ने दिलाई शपथ

## स्वच्छता अपनाने और बुखार से पीड़ित मरीजों को सरकारी अस्पताल पहुंचाने के लिए लोगों को जागरूक किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** संचारी रोगों की रोकथाम और जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता प्रचार वाहन रैली निकाली गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत रोगों से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता और आसपास साफ-सफाई रखने की शपथ दिलाई।

शपथ के माध्यम से लोगों ने अपने गांव, ब्लॉक, जनपद और देश को रोगमुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। साथ ही अपने घरों के आसपास सफाई रखने, गांव और मोहल्ले के वातावरण को स्वच्छ बनाने तथा समुदाय के लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। लोगों से अपील की गई कि संचारी रोगों से बचाव के लिए हरसंभव प्रयास करें, ताकि परिवार और समुदाय को इन बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके।

### कलेक्ट्रेट से शुरू होकर सीएमओ कार्यालय पर समाप्त हुई रैली

जागरूकता प्रचार वाहन रैली कलेक्ट्रेट से शुरू हुई। इसके बाद रैली नुमाइश ग्राउंड चौराहे सहित विभिन्न चौराहों और मार्गों से होते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। रैली के माध्यम से लोगों को संचारी रोगों से बचाव, स्वच्छता और समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया गया।

### बुखार होने पर सरकारी अस्पताल जाने की अपील

अभियान के तहत लोगों से अपील की गई कि यदि गांव, मोहल्ले या आसपास के क्षेत्र में कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित मिलता है, तो उसके परिजनों को तत्काल उपचार के लिए सरकारी अस्पताल जाने के लिए प्रेरित करें। समय पर इलाज मिलने से बीमारी की गंभीरता को कम करने और उसके प्रसार पर रोक लगाने में मदद मिल सकती है।

### टोल फ्री नंबर से मिलेगी अभियान की जानकारी

संबंधित अधिकारी ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800-180-5145 जारी किया गया है। आमजन इस नंबर के माध्यम से अभियान से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। रैली में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, संचारी रोग नियंत्रण अभियान के नोडल अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सहित अन्य संबंधित लोग मौजूद रहे।

# किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के एक मुहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर एक युवक पर अपनी 16 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर युवक उसके पिता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि गत 26 सितंबर की शाम करीब पांच बजे धामपुर थाना क्षेत्र के गांव हर्रा ढक्का निवासी जुनैद उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर जबरन अपने साथ ले गया। तलाश करने पर भी उनकी बेटी का कहीं पता नहीं लगा। महिला के अनुसार जब उन्होंने घर में रखा सामान चैक किया तो लगभग तीन तोला सोने के जेवर और 20 हजार रुपए की नकदी भी गायब मिली। महिला का आरोप है कि जब उसने आरोपी और उसके पिता अनीस से जानकारी की तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। महिला के मुताबिक अब उसे अपनी बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना घटित होने की चिंता सता रही है। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी युवक और उसके पिता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। किशोरी को बरामद करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र साबिर व उसकी पत्नी शायबा जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं हैं, इसलिए मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-तसलीमा पत्नी मौ. अनवर निवासी सिरघनी रोड शहबाजपुर ख्वाजा, जिला बिजनौर**

# बिजली संबंधी समस्याओं का निकले हल, विधायक मनोज पारस ने की पहल

## वन विभाग के मुख्य संरक्षक से लखनऊ में की मुलाकात



**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर की विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने और पेड़ों के कारण बार-बार होने वाले फॉल्ट की समस्या के समाधान को लेकर नगीना विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री मनोज पारस ने पहल की है। उन्होंने लखनऊ में वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक से मुलाकात कर किरतपुर से शादीपुर जाने वाली विद्युत लाइन के आसपास स्थित बड़े पेड़ों को कटवाने की अनुमति देने की मांग की। विधायक ने मुख्य वन संरक्षक को मांग पत्र देते हुए बताया कि विद्युत लाइन के आसपास खड़े बड़े पेड़ों और उनकी शाखाओं के कारण बिजली के तारों में फॉल्ट व तारों के टूटने की समस्या उत्पन्न होती रहती है। इससे किरतपुर नगर की विद्युत आपूर्ति प्रभावित होती है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जनहित में विद्युत लाइन के आसपास स्थित बाधक बने पेड़ों को कटवाने की अनुमति देने तथा आवश्यक कार्रवाई कराने का आग्रह किया, ताकि भविष्य में पेड़ों के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित न हो और किरतपुर को निर्बाध बिजली मिल सके। विधायक मनोज पारस ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर और सुचारू विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।



**भली लगे या बुरी ...**

## ऐसे कैसे बनेगा विकसित भारत?

**भारत आज वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में देश की प्रगति, डिजिटल क्रांति, अंतरिक्ष उपलब्धियां, आधारभूत ढांचे का विस्तार और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव निश्चित रूप से गौरव का विषय है। लेकिन इसी चमकदार तस्वीर के पीछे यदि हम सरकारी स्कूलों की ओर देखें तो एक दूसरा भारत दिखाई देता है-ऐसा भारत जहां हजारों बच्चे आज भी पर्याप्त शिक्षकों, सुरक्षित भवन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सवाल यह है कि जिस शिक्षा-व्यवस्था पर विकसित भारत की नींव रखी जानी है, उसकी बुनियाद ही कमजोर होगी तो 2047 का भारत कितना मजबूत होगा? सरकारी आंकड़े इस चिंता को और गंभीर बनाते हैं। यूडीआईएसई प्लस 2024-25 के अनुसार देश में 1,04,125 स्कूल ऐसे हैं, जहां केवल एक शिक्षक कार्यरत है और इन स्कूलों में करीब 33.77 लाख विद्यार्थी पढ़ते हैं। यानी एक शिक्षक को कई कक्षाओं, अनेक विषयों और प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच बच्चों की शिक्षा संभालनी पड़ रही है। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि उन लाखों बच्चों के भविष्य की कहानी है, जिनके लिए सरकारी स्कूल शिक्षा का सबसे सुलभ और कई बार एकमात्र माध्यम हैं। विडंबना यह है कि उसी देश में हम विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम, मेडिकल संस्थानों और अत्याधुनिक शिक्षण परिसरों की चर्चा करते हैं, लेकिन गांव के उस बच्चे की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं देते जो टूटी छत के नीचे बैठकर भविष्य के सपने देख रहा है। कहीं शिक्षक एक है और कक्षाएं पांच। कहीं विद्यालय भवन जर्जर है, कहीं पानी नहीं, कहीं शौचालय नहीं, कहीं बिजली और पंखे नहीं। हाल के महीनों में उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में विद्यार्थियों को अधिक शिक्षक, बेहतर भोजन, पेयजल, पंखे और बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर सड़कों पर उतरना पड़ा। फतेहपुर में तो लगभग एक हजार विद्यार्थियों ने जर्जर कक्षाओं, रिसती छतों और सुरक्षित पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रदर्शन किया। यह स्थिति केवल किसी एक राज्य अथवा किसी एक सरकार की विफलता नहीं है।**

# शाकाहार है स्वस्थ और संतुलित दुनिया का आधार

-ललित गर्ग

बढ़ती बीमारियों, तनावपूर्ण जीवन और पर्यावरणीय संकटों के बीच मनुष्य को अपने खानपान पर नये सिरे से विचार करने की आवश्यकता महसूस हो रही है। जीवन की गुणवत्ता और निरोगता के लिए आहार में परिवर्तन के स्वर आज दुनिया के अनेक हिस्सों में सुनाई दे रहे हैं। इसी संदर्भ में शाकाहार केवल भोजन की एक पद्धति नहीं, बल्कि करुणा, अहिंसा, स्वास्थ्य, पर्यावरण-संरक्षण और संतुलित जीवन का व्यापक दर्शन बनकर सामने आ रहा है। प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाने वाला विश्व शाकाहार दिवस इसी जीवनशैली के प्रति जागरूकता पैदा करने का अवसर है। इस दिवस का आरंभ 1977 में नॉर्थ अमेरिकन वेजिटेरियन सोसायटी की पहल से हुआ और 1978 में इंटरनेशनल वेजिटेरियन यूनियन ने इसका समर्थन किया। इसका उद्देश्य शाकाहार से जुड़े स्वास्थ्य, पर्यावरणीय, नैतिक और मानवीय पक्षों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आज आवश्यकता इस बात की है कि शाकाहार को किसी संकीर्ण धार्मिक या खानपान की पहचान तक सीमित न रखकर उसे स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के रूप में समझा जाए। भोजन मनुष्य के शरीर को ही नहीं, उसके विचारों और व्यवहार को भी प्रभावित करता है। जैसा भोजन, वैसी वृत्ति और जैसी वृत्ति, वैसा जीवन-यह भारतीय चिंतन की महत्वपूर्ण धारणा रही है। शाकाहार इसी दृष्टि से शरीर और मन दोनों के लिए संतुलन का माध्यम बन सकता है। फल, सब्जियां, दालें, अनाज, मेवे, बीज और अन्य वनस्पति-आधारित खाद्य पदार्थ उचित संतुलन के साथ लिए जाएं तो वे स्वस्थ आहार का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकते हैं। हालांकि किसी भी आहार-पद्धति में पोषण-संतुलन आवश्यक है और व्यक्ति की उम्र, स्वास्थ्य तथा जरूरतों के अनुसार भोजन का चयन किया जाना चाहिए।



महात्मा गांधी के अनुसार भोजन केवल स्वाद का विषय नहीं, आत्मसंयम का भी विषय है। वे स्वाद पर नियंत्रण को जीवन-साधना का हिस्सा मानते थे। वास्तव में भोजन का उद्देश्य केवल जिह्वा को संतुष्ट करना नहीं, शरीर को स्वस्थ रखना और जीवन को संयमित बनाना होना चाहिए। आज जब स्वाद और बाजार की संस्कृति हमारे खानपान को तेजी से प्रभावित कर रही है, तब शाकाहार हमें संयम, सादगी और विवेक की ओर लौटने का अवसर देता है। शाकाहार का संबंध केवल स्वास्थ्य से नहीं, करुणा और अहिंसा से भी है। भारत की सांस्कृतिक चेतना में 'अहिंसा परमो धर्मः' की भावना ने सदियों से जीवन को दिशा दी है। भगवान महावीर ने प्रत्येक जीव में जीवन की समानता को स्वीकार करते हुए अहिंसा को धर्म का सर्वोच्च आधार बनाया। गौतम बुद्ध, महात्मा गांधी और अनेक संतों-मनीषियों ने भी करुणा और अहिंसा को मानवीय जीवन का मूल मूल्य माना। जैन दर्शन तो जीव मात्र के प्रति मैत्री और करुणा को जीवन की आधारभूमि मानता है। इसलिए शाकाहार केवल थाली में परिवर्तन नहीं, दृष्टि में परिवर्तन है-वह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि हमारे भोजन की कीमत किसी दूसरे जीव के जीवन से तो नहीं चुकाई जा रही। शाकाहार का एक महत्वपूर्ण पक्ष पर्यावरण से जुड़ा है। पशुपालन और औद्योगिक मांस उत्पादन के लिए भूमि, जल, चारा और ऊर्जा की बड़ी मात्रा की आवश्यकता होती है। पशुधन से जुड़ी गतिविधियां ग्रीनहाउस गैसों, जल उपयोग और भूमि पर दबाव जैसे पर्यावरणीय प्रश्नों से भी जुड़ी हैं। ऐसे समय में जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, जल-संकट, भूमि क्षरण और जैव-विविधता के संकट से जूझ रही है, टिकाऊ और संतुलित खाद्य प्रणालियों पर विचार करना जरूरी हो गया है। इस दृष्टि से पौध-आधारित भोजन की ओर बढ़ता रुझान पर्यावरणीय विमर्श का भी हिस्सा बन रहा है। शाकाहार का अर्थ केवल मांसाहार का त्याग नहीं है। इसका अर्थ भोजन के प्रति सजगता है।

विश्व के अनेक देशों में पौध-आधारित भोजन के प्रति रुचि बढ़ी है। कभी मांसाहार को आधुनिकता और समृद्धि का प्रतीक मानने वाले समाजों में भी अब स्वास्थ्य, पर्यावरण और पशु-कल्याण के प्रश्नों पर नये सिरे से विचार हो रहा है। अनेक वैज्ञानिक, लेखक, दार्शनिक और सामाजिक चिंतक अपने जीवन में शाकाहार का समर्थन करते रहे हैं। लियोनार्डो दा विंची, लियो टॉल्स्टॉय, जॉर्ज बर्नार्ड शॉ और महात्मा गांधी जैसे व्यक्तित्वों के जीवन और विचार शाकाहार तथा करुणा के प्रश्न से जुड़े रहे हैं। यह परिवर्तन बताता है कि भोजन के संबंध में दुनिया की सोच स्थिर नहीं है, अनुभव, विज्ञान और बदलती परिस्थितियां उसे लगातार प्रभावित करती हैं। भारत के लिए यह विषय और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारी कृषि-संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और अहिंसा-दर्शन में शाकाहार की गहरी जड़ें हैं। भारतीय समाज में दाल, अनाज, सब्जियां, फल, दूध, दही, घी, मेवे और अनेक वनस्पति-आधारित खाद्य पदार्थ सदियों से भोजन का हिस्सा रहे हैं। आयुर्वेद ने भी भोजन को शरीर, प्रकृति और जीवनशैली के अनुरूप रखने पर जोर दिया है। इसलिए शाकाहार भारत के लिए कोई नया फैशन नहीं, बल्कि अपनी जीवन-परंपरा को आधुनिक वैज्ञानिक समझ के साथ पुनर्जीवित करने का अवसर है। विशेष चिंता इस बात की है कि आधुनिकता और फैशन के नाम पर नई पीढ़ी में खानपान की ऐसी प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं, जिनमें स्वाद और दिखावे को स्वास्थ्य एवं संवेदना से अधिक महत्व मिलता है।

# बदलती दुनिया में युवा

डिजिटल माध्यम आज की युवा पीढ़ी के लिए किसी दूसरी दुनिया का नाम नहीं है। पढ़ाई, दोस्ती, मनोरंजन, समाचार, रोजगार और राजनीति सब इनके माध्यम से उसके जीवन में आते हैं। इंटरनेट ने अभिव्यक्ति के नये रास्ते खोले हैं। छोटे शहर या गांव में रहने वाला युवा भी अपनी बात बहुत दूर तक पहुंचा सकता है और किसी आंदोलन की तस्वीर या वीडियो कुछ ही समय में हजारों लोगों तक पहुंच सकती है। यह लोकतांत्रिक संभावना महत्वपूर्ण है।



लेकिन सूचना की अधिकता अपने आप समझ पैदा नहीं करती। हर दिन हमारे सामने इतनी खबरें, तस्वीरें, वीडियो और राजनीतिक दावे आते हैं कि यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि इनमें से क्या महत्वपूर्ण है और क्या केवल हमारा ध्यान खींचने के लिए बनाया गया है। जो चीज सबसे ज्यादा दिखाई देती है, जरूरी नहीं कि वही सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हो। तेज सूचना के दौर में कई बार हम पहले प्रतिक्रिया देते हैं और बाद में उसके बारे में सोचते हैं।

यही बात राजनीति पर भी लागू होती है। युवा किसी मुद्दे के बारे में कुछ ही मिनटों में बहुत कुछ जान सकता है, लेकिन उसकी सामाजिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को समझने के लिए समय और धैर्य चाहिए, इसलिए सूचना और समझ के बीच का अंतर पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। आर्थिक जीवन में भी ऐसा ही विरोधाभास दिखाई देता है। तकनीक ने काम के नये रास्ते खोले हैं, लेकिन रोजगार का एक बड़ा हिस्सा अस्थायी, ठेका या प्लेटफॉर्म आधारित होता जा रहा है। अर्थव्यवस्था ने कुछ युवाओं को कमाई के नये अवसर दिये हैं, लेकिन आय की अनिश्चितता और सामाजिक सुरक्षा की कमी भी उसके साथ जुड़ी हुई है। नौकरी का सवाल इसलिए केवल नौकरी पाने का सवाल नहीं रह गया है। यह भी सवाल है कि काम कितना स्थिर है, मजदूरी कितनी है, काम की शर्तें क्या हैं और भविष्य कितना सुरक्षित है?

कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वचालन ने इस सवाल को और जटिल बना दिया है। नई तकनीक से उत्पादन और काम के तरीके बदल रहे हैं, लेकिन उसका लाभ और उसका बोझ समाज में बराबर नहीं बंटता। इसलिए तकनीक को केवल अवसर या खतरे के रूप में देखने के बजाय यह देखना जरूरी है कि उसके इस्तेमाल का असर अलग-अलग लोगों के जीवन पर किस तरह पड़ता है।

युवा ऐसी दुनिया में जी रहा है, जहां अवसरों की भाषा बहुत तेज है, लेकिन सुरक्षा की जमीन उतनी मजबूत नहीं। उस पर लगातार बेहतर बनने, आगे निकलने और खुद को साबित करने का दबाव है, जबकि यह भी स्पष्ट नहीं कि जिस मंजिल की ओर वह दौड़ रहा है, वहां पहुंचने के बाद स्थिरता कितनी होगी। इस बेचैनी की जड़ें केवल उसके व्यक्तिगत जीवन में नहीं, बल्कि उस सामाजिक व्यवस्था में भी हैं, जिसमें उसका जीवन बन रहा है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा दिलाने के साथ, एसआईआर पर रोक लगाने की मांग



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने देश की राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसील पहुंचकर एसडीएम शैलेंद्र कुमार को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य है। बीजेपी सरकार सभी स्वतंत्र सरकारी विभागों पर अपना दखल जमाना चाहती है। इसी प्रक्रिया के तहत भारत के चुनाव आयोग को भी अपने कब्जे में करके असंवैधानिक कार्य कराये जा रहे है। द इण्डियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार (विशेष संशोधन एसआईआर) को लागू करने में अनियमितताओं का बोलबाला रहा है। जिसमें दो चुनाव आयुक्तों ने बार-बार चिंताएं जताई थी कि नए मतदाताओं का नामांकन कैसे किया जा रहा था, नाम कैसे हटाएं जा रहे थे, मतदाता डेटावेस तक पहुंच को कैसे केन्द्रिकृत किया गया था, चुनावी प्रक्रियाओं में कैसे बदलाव किए गए थे जिसमें फार्म-6 में किए गए गैर कानूनी बदलाव भी शामिल है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) राष्ट्रपति से मुख्य चुनाव आयुक्त का तुरन्त इस्तीफा कराने, एसआईआर की प्रक्रिया को तुरन्त रोका जाने, एसआईआर की प्रक्रिया के बाद कराये गये बिहार व पश्चिमी बंगाल के विधानसभा चुनावों को रद्द करके पुन: पुरानी वोटर लिस्ट के आधार पर चुनाव कराने की मांगें की गई। ज्ञापन देने वालों में का. रामपाल सिंह, का. विजस शर्मा, का. खुर्शीद शेख, का. इसरार अहमद, का. उस्मान अली, का. बाबर हुसैन, का. तिलकराम, का. तेजपाल, का. आदेश, का. शौनाथ, का. अशरफ, का. नदीम शेख, का. मौ. तहसीन, का. अवैस अहमद आदि मौजूद रहे।



## आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

नजीबाबाद (चिंगारी)। आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के भावी प्रत्याशी एवं साहनपुर नगर पंचायत चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के समर्थन में कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने गांव-गांव डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसके तहत क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर, गाजीपुर व धनसिनी में लोगों से 2027 के विधानसभा चुनाव में सहयोग की अपील की गई। जनसंपर्क के दौरान समर्थकों ने खुर्शीद मंसूरी द्वारा साहनपुर में कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि चेयरमैन रहते हुए उन्होंने क्षेत्र में विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य कराए हैं। समर्थकों का कहना था कि इसी अनुभव के आधार पर खुर्शीद मंसूरी नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास के मुद्दों को मजबूती से आगे रख सकते हैं।

## दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश का आरोप

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। ग्राम अलीपुरा निवासी फईम अहमद पुत्र अहमद हसन ने एसपी बिजनौर को प्रार्थना पत्र देकर कुछ लोगों पर रंजिश के चलते उसे व एक अन्य व्यक्ति को झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। शिकायतकर्ता के अनुसार बिजनौर शहर में दुष्कर्म की कथित घटना दर्शाकर न्यायालय में परिवाद दाखिल किया गया है, जबकि उसका कहना है कि उक्त घटना से उसका कोई संबंध नहीं है तथा उसे जानबूझकर इस मामले में फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने अपनी व अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा की मांग भी की है।**

## थम्सअप फैक्ट्री के पूर्व कर्मचारी इसरार अहमद का इंतकाल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला धर्मदास निवासी थम्स अप फैक्ट्री के पूर्व कर्मचारी इसरार अहमद का लम्बी बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल पर काफी संख्या में लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर रंजोगम का इजहार किया। इसरार अहमद ने काफी वर्षों तक नजीबाबाद की थम्स अप फैक्ट्री में काम किया है। उनके इंतकाल पर लोगों ने गहरा दुख जताया है।

## पीडीए को मजबूत बनाएं, अखिलेश को सीएम बनाएं: रफीक अंसारी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के मौहल्ला जाब्तागंज स्थित अधिवक्ता जावेद इक़बाल के आवास पर आयोजित बैठक में अधिवक्ताओं एवं समाजवादी पार्टी से जुड़े पदाधिकारियों ने सपा के वरिष्ठ नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी को आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव लड़ाने को लेकर विचार-विमर्श किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कसीम अहमद एड. की अध्यक्षता एवं जावेद इक़बाल एड. के संचालन में बैठक में हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने पीडीए को मजबूत करने तथा अखिलेश यादव को 2027 में मुख्यमंत्री बनाने के लिए सभी से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वसीम अहमद एड., नदीम अहमद एड., मोहम्मद हनीफ़ एड., सुल्तान अहमद एड., फ़हीम अहमद एड., नज़ाकत एड., मोहम्मद आदिल एड., आरिफ़ कफ़ील एड. एवं सपा नेता क़ाज़ी आसिफ़ मुत्तक़ी, जिला सचिव डॉ. सईदुर्रहमान सहित अन्य लोगों ने अपने सुझाव रखे। बैठक में रियासत एड., रिजवान एड., महेश एड., सलीम एड., उस्मान एड., आदिल एड., आग़ाज़ एड., बिलाल एड., बहार एड., मौ. आज़म एड., इकराम एड., मौ. ज़ीशान एड., मौ. इमरान आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।**

## मंडावली पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ एक आरोपी पकड़ा

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर चाठा पुल पर बाइक सवार से मोबाइल फोन व नकदी लूटने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि 29 सितंबर को नहटौर कस्बा निवासी शादाब अहमद ने तहरीर देकर बताया था कि ग्राम रामपुर चाठा के पुल पर चार अज्ञात युवकों ने उसकी मोटरसाइकिल रुकवाकर उसके पास से मोबाइल फोन व 8600 रुपये लूट लिए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच में मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम प्रीतमगढ़ निवासी दीपक पुत्र राजेश का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से लूट की घटना से संबंधित रेडमी कंपनी का नीले रंग का मोबाइल फोन बरामद किया गया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राहुल कुमार, हेड कांस्टेबल नीरज कुमार व कांस्टेबल ब्रिजेश कुमार शामिल रहे।

## हैंडीक्राफ्ट व्यापारी फखरे आलम का बीमारी से इंतकाल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुगलूशाह निवासी हैंडीक्राफ्ट के सामान का व्यापार करने वाले फखरे आलम मुल्तानी का बीमारी के चलते बीती रात इंतकाल हो गया। उनका एम्स ऋषिकेश में इलाज चल रहा था। उनके इंतकाल से उनके परिवार में कोहराम मच गया। साथ ही मुल्तानी बिरादरी में दुख की लहर दौड़ गई। फखरे आलम मुल्तानी मरहूम शायर अख्तर मुल्तानी के बेटे व शहबाज व जावेद मुल्तानी के बड़े भाई थे। काफी संख्या में लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर रंजोगम का इजहार किया। फखरे आलम काफी मिलनसार व अच्छे इंसान थे। लोगों ने उनकी मगफिरत व जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाने के लिए अल्लाह से दुआ की।

## महिला ने पुत्री के साथ मारपीट व अश्लीलता का आरोप लगाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। ग्राम फजलपुर तबेला निवासी एक महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल व एसपी को भेजे पत्र में कहा कि गांव के एक दबंग परिवार ने उनके परिवार का जीना हराम कर रखा है। दंबग का परिवार कई बार उन पर हमला कर चुका है। उसकी युवा पुत्री के साथ भी घर में घुसकर मारपीट व अश्लीलता की गई। उक्त आरोपियों के खिलाफ बिजनौर न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। इसके फैसले का दबाव बनाने के लिए दंबग का परिवार बार-बार मारपीट करते हुए मुकदमे में फसाने की धमकी देता रहता है। पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।**

## व्यापारियों का जिला स्तरीय सम्मेलन आज शाम

नजीबाबाद (चिंगारी)। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान रजि. की ओर से नगर के संगम बैंकट हॉल में जिला स्तरीय व्यापारी सम्मेलन आज गुरूवार की शाम 5.30 बजे आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल ने देते हुए बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी उपस्थित होंगे। उन्होंने संस्थान से जुड़े सभी व्यापारियों से सम्मेलन में पहुंचकर कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की।



# डबल इंजन सरकार का उद्देश्य देश को विकसित राष्ट्र का स्वरूप देना : सत्यपाल सैनी

## सात दिवसीय सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम का समापन



**धामपुर ( चिंगारी )।** खंड विकास कार्यालय परिसर मे सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे सात दिवसीय जनकल्याणकारी शिविर का बुधवार को समापन हो गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा जनपद बिजनौर के जिला प्रभारी सत्यपाल सिंह सैनी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तेज गति से हो रहे विकास कार्यों तथा जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के माध्यम से लोगों को पारदर्शी रूप में प्राप्त हो रहे लाभों की चर्चा करते हुए बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्श को आधार बनाकर कार्य करने वाली देश एवं प्रदेश की डबल इंजन की सरकार का मुख्य उद्देश्य देश को विकसित राष्ट्र का स्वरूप दिलाना है जिसको जनता के सहयोग से ही सकारात्मकता दिला पाना संभव है। समापन समारोह में तीन स्वयं सहायता समूहो लक्ष्मी, ओमकार तथा एकता स्वयं सहायता समूह को प्रति समूह एक लाख 50 हजार के चेक भेंट किए गए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आशाओं सहित ब्लॉक से संबंधित विभिन्न योजनाओं से जुड़ी 105 महिलाओं को उनके सर्वश्रेष्ठ एवं उपलब्धि पूर्ण कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। इसके अतिरिक्त ब्लॉक परिसर में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गये स्टालों पर योजनाओं की जानकारी दी गई। ब्लॉक की प्रशासक क्षमा हेमलता चौहान तथा प्रशासक प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह चौहान के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में काफी भीड़ रही। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान बॉबी, उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लखनऊ के डायरेक्टर तथा विधायक अशोक कुमार राणा के सुपुत्र राणा प्रियंकर सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव कुमार सिसोदिया, जिला महामंत्री दिनेश कुमार सैनी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुभाष चौहान, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ललित कुमार सैनी, भाजपा के धामपुर मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल एवं मंडल उपाध्यक्ष शेखर अग्रवाल, भारतीय जनता युवा मोर्चा के धामपुर मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता रवि चौधरी उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल कार सवार शुभम की उपचार के दौरान हो गई मौत



मृतक शुभम सैनी

**धामपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर दुर्गा विहार कॉलोनी के निकट 27 सितंबर की रात हुए भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक शुभम सैनी पुत्र शीशराम सैनी की भी बुधवार की रात मेरठ में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। उल्लेखनीय है कि इस दुर्घटना में न्यू स्टेट बैंक कॉलोनी मोहल्ला कहारान धामपुर निवासी सुमित सैनी पुत्र महेंद्र सैनी व गौतम सैनी पुत्र कमल सैनी की मौके पर ही मौत हो गई थी। उसी दिन से गंभीर रूप से घायल 18 वर्षीय शुभम सैनी का मेरठ में उपचार चल रहा था, जहां बुधवार को उसकी भी मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर की रात को नगीना की ओर से लौट रहे आई 10 कार में सवार चार युवकों की गाड़ी डिवाइडर तोड़कर सामने से आ रही कार से टकरा गई थी। टक्कर के दौरान आई10 कार में सवार 24 वर्षीय सुमित व 23 वर्षीय गौतम की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। जबकि शुभम व वासु को गंभीर हालत में मेरठ रैफर किया गया था। बीती रात शुभम की मौत होने से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

# चिन्हीकरण में अब और लेटलतीफी नहीं है स्वीकार

## राज्य आंदोलनकारी पोल खोल आंदोलन चलाने को तैयार



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों की एक बैठक आईएसबीटी परिसर स्थित राज्य निर्माण सेनानी शहीद स्मारक में आहूत की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण में लेट लतीफ के लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन खुद जिम्मेदार है। दुर्भाग्य की बात है जिन शहीदों की कुर्बानियां और संघर्षों से इस राज्य का निर्माण हुआ था उत्तराखंड की सरकार तथा जिला प्रशासन की मिली भगत से 26 साल बाद भी वे लोग अपने हक की लड़ाई के लिए आज भी सड़कों पर हैं। जिला प्रशासन भी राज्य आंदोलनकारी की अनदेखी कर रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य निर्माण सेनानियों ने चेतावनी देते हुए कहा यदि सरकार ने सही समय पर राज्य आंदोलनकारी का चिन्हीकरण करके राज्य निर्माण सेनानी का दर्जा, 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण व एक समान पेंशन की घोषणा नहीं की तो आने वाले चुनाव में उत्तराखंड में जिलेवार तहसील स्तर पर राज्य सरकार के खिलाफ पोल खोल कार्यक्रम चलाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से बलवीर सिंह नेगी, गंभीर सिंह मेवाड़, उदयवीर सिंह चौहान, गुलाब सिंह रावत, धर्मराज पुंडीर, बृजेश डोभाल, मायाराम उनियाल, जगदंबा प्रसाद भट्ट, जगदीश प्रसाद भट्ट, हरि सिंह नेगी, महेंद्र बिष्ट, दयाराम रतूड़ी, महादेव रांगड़, जयवीर भंडारी, डीएस गुसाईं, श्रीमती रामेश्वरी चौहान, लक्ष्मी बुडाकोटी, जयंती नेगी, शकुंतला नेगी, जय डोभाल, कमला रौतेला, यशोदा नेगी, अंजू गैरोला, मदनी देवी, सुशीला बिष्ट, चीता कंडवाल, पार्वती नेगी आदि मौजूद थे। बैठक के अध्यक्षता बलवीर सिंह नेगी तथा संचालन डी एस गुसाईं एवं गंभीर मेवाड ने संयुक्त रूप से किया।

# नगर पालिका भवन में चलाया सफाई अभियान

**धामपुर ( चिंगारी )। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत आज एक घंटा श्रमदान किए जाने हेतु पालिका के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा प्रातः 8 बजे अपने-अपने कक्षों की साफ सफाई की गई। इस दौरान कायक्रम में अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला, हमेंद्र सिंह स्वास्थ्य निरीक्षक एवं पुष्पेंद्र सक्सेना व नितिन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।**



पुस्तकालय की सफाई करते हुए नितिन अग्रवाल।

# विवादित भूमि पर खड़े पेड़ काटने के विवाद ने तूल पकड़ा



**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर रोड स्थित जमीन पर मालिकाना हक को लेकर सिंचाई विभाग व एक सेवा निवृत पटवारी के बीच चल रहा विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। आम के हरे भरे पेड़ काटे जाने के बाद तूल पकड़ गया। बताया जाता है कि भूमि पर पूर्व में सिंचाई विभाग का नलकूप हुआ करता था। नलकूल बंद होने के बाद जमीन काफी समय तक खाली पड़ी थी। इसी बीच एक सेवानिवृत पटवारी द्वारा उक्त भूमि का बैनामा कराया जाने की बात सामने आई थी। पटवारी पक्ष इस आधार पर जमीन पर अपना हक बताने के साथ-साथ दावा कर रहा। दूसरी ओर सिंचाई विभाग की ओर से भी भूमि पर अपना दावा किया जा रहा है। सिंचाई विभाग उक्त भूमि पर अपना अधिकार बताता है इसी को लेकर काफी समय से दोनों के बीच विवाद बना हुआ है। यह मामला फिर एक बार सुर्खियों में आ गया। देर रात भूमि पर खड़े आम के पेड़ को काट दिया गया। पेड़ों की कटाई को लेकर पटवारी पक्ष का कहना है कि इसके लिए वन विभाग से आवश्यक अनुमति ली थी। हालांकि, इसके साथ यह सवाल भी उठ रहे है यदि पेड़ काटने की अनुमति ली थी तो भूमि के स्वामित्व और मौके पर कब्जे की स्थिति की जांच किस स्तर पर की जाएगी। बताया जा रहा है कि, तहसील स्तर पर हुई जांच में संबंधित पक्ष का मौके पर कब्जा नहीं पाए जाने की बात भी सामने आई थी। ऐसे में वन विभाग की ओर से दी गई अनुमति भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

# पुलिस की नई पहल : हेलमेट खरीदो और पहनो

## यातायात पुलिस की पांच दिवसीय मुहिम शुरू

**बिजनौर (चिंगारी)।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दोपहिया वाहन चालकों की जान बचाने के लिए एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देश पर बुधवार को यातायात पुलिस ने अनूठी पहल शुरू की है। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों का सीधे चालान काटने के बजाय पुलिस उन्हें समझाकर मौके पर ही हेलमेट खरीदने और पहनने के लिए प्रेरित किया। अभियान के पहले दिन करीब 60 वाहन चालकों ने मौके पर हेलमेट खरीदा और उसे पहनकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।



बुधवार को एसपी केके बिश्नोई के निर्देश पर जिले में पांच दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इसके तहत यातायात पुलिस सड़क पर चैकिंग के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों को रोक रही है। वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के फायदे और सड़क दुर्घटनाओं में इसके महत्व के बारे में समझाया जा रहा है। पुलिस की ओर से चालान की कार्रवाई करने के बजाय उन्हें मौके पर ही हेलमेट खरीदकर पहनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के दौरान करीब 60 ऐसे वाहन चालक मिले, जो बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे थे। यातायात पुलिस ने सभी को समझाया। इसके बाद वाहन चालकों ने स्वेच्छा से मौके पर हेलमेट खरीदे और उन्हें पहनकर ही आगे की यात्रा शुरू की। पुलिस के इस प्रयास से वाहन चालकों में यातायात नियमों और अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश गया।

### कार्रवाई करना उद्देश्य नहीं-एसपी

पुलिस अधीक्षक के.के. विश्नोई ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करना नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित यातायात के लिए जागरूक करना है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना दुर्घटना की स्थिति में सिर को गंभीर चोट से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिले में इस तरह के जागरूकता अभियान लगातार जारी रखे जाएंगे।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को भावभीनी विदाई

**बिजनौर (चिंगारी)।** अपनी सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई सहित अन्य अधिकारियों ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

बुधवार को पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई, एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह, आईपीएस/एएसपी देहात गौतम राय ने प्रतिसार निरीक्षक देवेंद्र सिंह सिकरवार, निरीक्षक नागरिक पुलिस प्रवेश कुमार पाठक और उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस हरिप्रकाश को दीर्घकालिक और निष्कलंक सेवाओं के बाद सम्मानपूर्वक विदाई दी। अधिकारियों ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की विभाग के प्रति समर्पित सेवाओं की सराहना की। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि उनकी सेवाएं विभाग के लिए महत्वपूर्ण रहीं और युवा पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणादायी हैं। अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों को धार्मिक पुस्तकें और प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उनके स्वस्थ



एवं सुखद भविष्य की कामना की। कार्यवाहक प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार तोमर समेत पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन मौजूद रहे।

# बोले रामजी लाल सुमन, सपा की ओर हो रहा पिछड़ों-दलितों का मन

**चांदपुर (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामजी लाल सुमन का चांदपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।**

यहां बिजनौर रोड स्थित वरिष्ठ नेता डा. लाखन सिंह पाल के निवास पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ नेता रामलाल सुमन ने कहा कि पिछड़े समाज के साथ-



साथ दलित समाज भी समाजवादी पार्टी से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए अभी से ही चुनाव की तैयारी में जुट जायें।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मौ. आसिफ़ असलम, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हनी फैसल, डा. लाखन सिंह पाल, श्रीमती लता सागर, श्रीमती रूपवती पाल, गुड्डू चौहान, सपा नगर अध्यक्ष नाजिम खान, मौ. यूनुस, चांद खान, इजमाल अहमद, जुल्फिकार उर्फ भूरे, चंद्रप्रकाश गौतम, देशबीर सिंह, मोमिन खान, मुनीष भारती, जगदीश चन्द्र, शेख रईस अहमद सभासद, अमित सैनी, शहजाद अहमद आदि सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# मिलेनियम में सेवा संकल्प के तहत हुआ प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सेवा संकल्प अभियान के तहत भाषण और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन मीना सिंह और प्रधानाचार्य अजय कुमार ने फीता काटकर किया। उपप्रधानाचार्या शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम और सतेंद्र कुमार ने सेवा संकल्प अभियान समिति के सदस्यों के साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम का आयोजन सुजाता पवार के निर्देशन में हुआ। कक्षा 10 की रंगोली प्रतियोगिता में स्वीटी, हुमेरा, कनिष्का, संजना और मंतशा ने प्रतिभाग किया। वहीं कक्षा 11 की भाषण प्रतियोगिता में प्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुकती प्रकाश, गगन और अर्शी शेरावत ने भी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सतीश कुमार, अर्शी, अबरार, बालेश कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# राजा हरवंश सिंह कॉलेज में पॉक्सो जागरुकता अभियान का आयोजन

**हल्दौर (चिंगारी)।** राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर में बुधवार को पॉक्सो जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बच्चों की सुरक्षा, उनके कानूनी अधिकारों तथा यौन अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में अपर सिविल जज बिजनौर मयंक सिंह ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, 2012 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि कानून की दृष्टि से 18 वर्ष से कम आयु का प्रत्येक व्यक्ति बच्चा है। कोई बच्चा देखने में कितना भी परिपक्व क्यों न लगे, उसकी कानूनी आयु उसकी वास्तविक आयु के आधार पर निर्धारित होती है। उन्होंने पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत यौन हमला, गंभीर यौन हमला, यौन उत्पीड़न तथा बच्चों को अश्लील सामग्री से संबंधित अपराधों के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि यदि उनके आसपास किसी बच्चे के साथ अपराध, शोषण, बाल विवाह या किसी प्रकार का खतरा दिखाई दे तो चुप न रहें और उचित माध्यम से सहायता प्राप्त करें। नायब तहसीलदार हिमांशु शर्मा ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का संतोषजनक समाधान करते हुए उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि आनंद कश्यप एडवोकेट ने विद्यार्थियों को गुड टच एवं बैड टच के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जयपाल सिंह ने किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार सलिल ने कहा की विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा, सम्मान, जागरूकता और कानून के पालन की जिम्मेदारी केवल कानून की नहीं, बल्कि उसके माता-पिता, शिक्षक भी इसमें पूर्ण योगदान दें। कार्यक्रम में लेखपाल चंद्रप्रकाश, पवित्र कुमार, गोपाल रंजन सिंह, प्रवेन्द्र कुमार, नरदेव सिंह, अवनीश कुमार, रामवीर सिंह गहलौत, मणिकांत कुमार, नीरज कुमार, शकील अहमद, वाजिद हुसैन, गजेन्द्र सिंह, प्रवेश कुमार, आंचल कैथवार, श्रद्धा मिश्रा, नूतन कुमारी, पिंकी रानी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




# ग्राम पंचायत में वित्तीय गड़बड़ियों के आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराये जाने की मांग

**बिजनौर (चिंगारी)।** विकास खंड हल्दौर की ग्राम पंचायत शेरपुर कल्याण के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना-पत्र देकर ग्राम पंचायत शेरपुर कल्याण में ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों में अनियमितताओं एवं वित्तीय गड़बड़ियों की शिकायत पर जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच टीम को बीडीओ व ग्राम पंचायत सचिव से आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

ग्रामीण नरेंद्र सिंह, चरत सिंह, संजीव कुमार, चमन सिंह, देशराज सिंह व अनिल कुमार द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना-पत्र में अवगत कराया गया है कि ग्राम पंचायत शेरपुर कल्याण में ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता एवं वित्तीय गड़बड़ियों की शिकायत पर विगत दिनों जिलाधिकारी के आदेशानुसार जांच कराई जा रही है। जांच अधिकारी द्वारा संबंधित अभिलेख जैसे रजिस्टर, माप पुस्तिका (एमबी), कैश बुक, भुगतान विवरण, वाउचर, मास्टर रोल तथा अन्य आवश्यक रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के लिए बीडीओ हल्दौर व ग्राम पंचायत सचिव को लिखित रूप से सूचित किया जा चुका हैं। किंतु अभी तक आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। जिस कारण जांच कार्य प्रभावित हो रहा है तथा विकास कार्यों एवं सरकारी धन के व्यय का सही परीक्षण नहीं हो सका है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस प्रकरण को संज्ञान में लेकर संबंधित अधिकारियों को समस्त अभिलेख तत्काल जांच अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश देने की मांग की है।




# बीएलएड में अनामिका ने मारी बाजी

**हल्दौर (चिंगारी)। गहलौत कॉलेज, हल्दौर के गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की मुख्य परीक्षा बी.एल.एड. प्रथम वर्ष में छात्रा अनामिका ने प्रथम, अनु ने द्वितीय व मानवी चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज प्रशासन ने इन सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।**








# सेवा ही संकल्प समारोह का आयोजित

**हल्दौर (चिंगारी)।** सफाई मित्रों की सुरक्षा एवं उनके हितों से जुड़े सेवा ही संकल्प समारोह का विशाल आयोजन नगर पालिका परिषद हल्दौर में किया गया। जिसके अंतर्गत सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं उन्हें सुरक्षा किट भी उपलब्ध कराई गई। सेवा ही संकल्प शिविर के अंतर्गत विभिन्न विभागों से आए कर्मियों द्वारा सक्रिय रूप से प्रतिभाग करते हुए सफाई मित्रों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के बारे उन्हें समुचित जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसी के साथ उल्लेखनीय कार्य करने वाले सफाई मित्रों को अधिशासी अधिकारी श्रीमती सीमा वर्मा द्वारा प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किए गए। शिविर के संचालन में कार्यालय स्टाफ का भी पूर्ण सहयोग रहा।




# सीएम योगी की घोषणा- एक बार फिर से बढ़ेगी दिव्यांगजनों की पेंशन



**लखनऊ (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजन पेंशन की धनराशि में एक बार फिर बढ़ोतरी करने जा रही है। गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेंशन राशि बढ़ाने का आश्वासन दिया है। प्रदेश में पहले दिव्यांगजनों को 300 रुपये प्रति माह पेंशन दी जाती थी, जिसे चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 500 रुपये और बाद में 1000 रुपये किया गया था। अब इसमें पुन: इजाफा करने की तैयारी है, जिससे प्रदेश के लाखों पेंशनभोगियों को सीधा लाभ पहुंचेगा।

## सभी 18 मंडलों में शुरू होंगे पुनर्वास केंद्र

प्रशासनिक स्तर पर दिव्यांगजनों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश के सभी 18 मंडलों में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र स्थापित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। गोरखपुर के सीतापुर आई हॉस्पिटल परिसर में इस केंद्र की शुरुआत की जा चुकी है। इसके अलावा दृष्टिबाधित और मूकबधिर बच्चों के लिए संचालित राजकीय विद्यालयों, मनोविकास केंद्रों तथा कौशल विकास केंद्रों के जरिए प्रशिक्षण और आश्रय की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। कम उम्र के बच्चों के लिए बचपन डे केयर सेंटर का विस्तार भी इस योजना का हिस्सा है। वर्ष 2026-27 के दौरान प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य पेंशन और अन्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गए दिव्यांगजनों को जोड़ना है। अब तक 17 लाख से अधिक दिव्यांगजनों की डिजिटल पहचान (यूडीआईडी कार्ड) बनाई जा चुकी है। इसके अतिरिक्त, कॉक्लियर इंप्लांट के लिए अधिकतम छह लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता और स्पीच थेरेपी में सहयोग देने के साथ-साथ दिव्यांग युवाओं को स्वत: रोजगार से जोड़ने के लिए सीएम युवा, पीएम स्वनिधि और मुद्रा जैसी योजनाओं से भी संबद्ध किया जा रहा है।

# श्री राम मंदिर के लिए जीवन समर्पित किया गोरक्षपीठ के पूज्य संतों ने- योगी

**गोरखपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए गोरक्षपीठ के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि अयोध्या में रामलला के प्रकटीकरण के समय महंत दिग्विजयनाथ उपस्थित रहे तो गुलामी का ढांचा हटाने के लिए श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति का नेतृत्व महंत अवेद्यनाथ जी ने किया।

योगी ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 57वीं तथा राष्ट्रसंत महंत अवेद्यनाथ की 12वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतिम दिन बुधवार (आश्विन कृष्ण चतुर्थी) को अपने पूज्य गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गोरक्षपीठ के दोनों पूज्य संतों ने संत समाज को एकजुट करने के साथ ही श्रीराम मंदिर, समाज व राष्ट्र के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि समय, समाज और राष्ट्र के अनुकूल चलना ही महापुरुषों का गुण होता है। मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन दोनों महंतश्री की पुण्यस्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि जीवन में सिद्धि का सबसे बड़ा मंत्र है, स्थिरता। स्थिरता का भाव हमें आगे बढ़ने का माध्यम होता है। जब हम दोनों पूज्य संतों ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के जीवन चरित्र को पढ़ते हैं तो हम सबको ऐसी ही प्रेरणा मिलती है।

# दस्तावेज गुमशुदगी सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे मकान (क्षेत्रफल 93.91 वर्ग मीटर, मौजा गोविंदपुरम-2 बिजनौर) का पूर्व मूल बैनामा (1) श्रीमती अर्चना आर्य पत्नी श्री संजीव कुमार (2) श्रीमती शंकुतलता आर्य पत्नी राजेश सिंह आर्य निवासीगण गोविंदपुरम कॉलोनी बिजनौर तहसील बिजनौर, जिला बिजनौर दिनांक 21.05.2012 वही सं.1/जिल्द सं. 6233 पृष्ठ सं. 337 से 354 पर क्रमांक 6065 रजिस्ट्रीकृत तथा श्रीमती अर्चना मलिक पत्नी श्री संदीप कुमार तोमर निवासी ग्राम कम्बौर परगना बिजनौर, त. जिला बिजनौर दिनांक 13.01.2014 वही सं.1/जिल्द सं. 7118 पृष्ठ सं. 323 से 348 पर क्रमांक 551 रजिस्ट्रीकृत है। दोनों पूर्व मूल बैनामे कहीं गुम हो गये हैं, जिसकी ऑनलाइन कम्पलेन स. 20260000979319 बिजनौर कोतवाली में दर्ज करा दी है।

**किसी को मिले तो सम्पर्क करें-**
**विनीता पत्नी हरीश कुमार गोविंदपुरम आवास विकास डी ब्लॉक मकान नं. 157 बिजनौर मो. 9012009077**

# हो रही सराहना, ईओ ने मुहल्लों में घूमकर लोगों की समस्याओं को जाना



**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद चांदपुर के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार बढ़ाना ने नगर के वार्ड 15 व 16 में घूमकर मुहल्ले वासियों की समस्याएं सुनीं और निराकरण का भरोसा दिलाया। अधिशासी अधिकारी ने लोगों से पॉलीथीन का प्रयोग न करने, नगर को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए अपने आसपास सफाई रखकर पालिका का सहयोग करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर मुहल्लेवासियों ने पालिका ईओ को अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। उनके साथ वार्ड 15 के सभासद पति शेख रईस अहमद, वार्ड 16 के सभासद प्रशांत गर्ग के अलावा नगर पालिका के सभी विभागों के कर्मचारी भी मौजूद रहे। मालूम हो कि यह पहला मौका है, जब अधिशासी अधिकारी ने स्वयं मुहल्ले में जाकर लोगों की समस्याओं को जाना तथा उनका समाधान कराये जाने का भरोसा दिलाया। इसके लिए मुहल्लेवासी, ईओ कृष्ण कुमार भड़ाना की प्रशंसा कर रहे हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुआ आंगन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**शेरकोट ( चिंगारी )।** क्षेत्र के कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री महिला मोर्चा भाजपा अनामिका जैन ने सहभागिता की। इस अवसर पर बालकिशनपुर, जमालपुर उदयचंद, पालकी ऐमन, उमरपुर आशा, सहालीपुर उत्तमचंद, हाफ़िज़ाबाद आदि कई आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्यकत्रियों को भी सम्मानित किया गया एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म की गई। बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार कराए गए तथा माताओं और लाभार्थियों से संवाद किया। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री महिला मोर्चा ने संबोधित कर कहा कि समाज के स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त भविष्य के निर्माण में आंगनवाड़ी केंद्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मौके पर अनामिका जैन जिला महामंत्री महिला मोर्चा मुख्य अतिथि, आंगनवाड़ी संयोजिका कुब्जा देवी, राधा रानी, सुनीता कुमारी, सुषमा देवी, तनुक्शा, मिथिलेश कुमारी, बबीता कुमारी, आंचल, शांति देवी, सुनीता देवी, रीना देवी, कोमल देवी मौजूद रहीं। इन सबका सम्मान भी किया गया ।



# 'एक दिन एक घण्टा एक साथ' कार्यक्रम का आयोजन

**तालाब व रामलीला मैदान की सफाई की**

**स्योहारा ( चिंगारी )।** सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा 2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत बृहस्पतिवार को 'एक दिन, एक घण्टा, एक साथ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के रामलीला ग्राउण्ड के सामने स्थित तालाब व रामलीला मैदान की विशेष सफाई हेतु अभियान चलाया गया।। अभियान का शुभारम्भ अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद स्योहारा विजेन्द्र सिंह पाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर के एन0जी0ओ0 अध्यक्ष व उनके सदस्यो द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका स्योहारा के लेखा लिपिक / अधिष्ठान लिपिक देवेन्द्र सिंह, लिपिक चाँदनी रईस, लिपिक मौहम्मद शान, लिपिक अमित कुमार, सभासद दिलशाद अहमद, सभासद पति जब्बार, सभासद नईम अहमद , रोटरी क्लब अध्यक्ष कान्ता प्रसाद पुष्पक, शमीमा, ओमप्रकाश सिंह, नौशाद अहमद, दिलशाद अहमद, जुवैशी हुसैन,फय्याजुद्दीन, कम्प्यूटर ऑपरेटर रामगोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के उपरान्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद स्योहारा द्वारा आरम्भ होने वाले संचारी रोगो की रोकथाम हेतु संचालित पखबाड़े के लिए समस्त निकाय वाहनो को हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया।

# नुक्कड़ नाटकों में भीड़ जुटाई, सरकार के सेवा कार्यों की झलक दिखाई



**शेरकोट ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान-2026' के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा चौक और हरेवली तिराहे पर 'नमो सेवा- अनकही कहानियां' कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नाट्य कलाकारों द्वारा सरकार के सेवा कार्यों की झलक दिखाई गई। बुधवार की शाम लखनऊ से आए नाट्य कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विभिन्न सेवा, जनकल्याण और समाज से जुड़े कार्यक्रमो का मंचन कर लोगों को सेवा कार्यों के प्रति प्रेरित किया। कलाकारों द्वारा भव्य और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किये गए नुक्कड़ नाटको को देखने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और आम लोगों की भीड़ लग गई । कलाकारों ने विभिन्न नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक और प्रेरित करने का काम किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष विजयपाल सैनी की अध्यक्षता और मंडल महामंत्री शिवकुमार के संचालन में आयोजित किये गए कार्यक्रम में संयोजक धर्मवीर चौहान , कामेश्वर राजपूत, संजीव चौहान, संजय प्रजापति, दौलत पाल, यशपाल सिंह, रजनी, खुबजा देवी, रणजीत सिंह दारा, चंद्र प्राकाश आदि उपस्थित रहे।

# सामाजिक मुद्दों पर हुई निबंध प्रतियोगिता

## परिणाम घोषित, विजेता विद्यार्थियों को दिये गये पुरस्कार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बी.ए. पब्लिक स्कूल सादुल्लानगर, तिसोतरा में विद्यार्थियों के भीतर सामाजिक जागरूकता , रचनात्मक सोच एवं अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। दो दिन पूर्व आयोजित हुई प्रतियोगिता के लिये 'माता-पिता का हमारे जीवन में महत्व', 'बेटियों पर अत्याचार क्यों ?', 'पेड़-पौधे एवं पर्यावरण संरक्षण' सहित विभिन्न सामाजिक विषय निर्धारित किये गये थे। विद्यार्थियों ने निबंध में समाज की वर्तमान परिस्थितियों पर विचार व्यक्त करते हुए जागरूकता का संदेश दिया। आज प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किये गये। विद्यालय की प्रधानाचार्या कु. मीनू ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कक्षा 7 के वंशिक पाल ने प्रथम , कक्षा 7 की सानिया एवं कक्षा 8 की प्रियांशी पाल ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा संगराज गौतम एवं गुरजीत सिंह ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के संचालक भूपेन्द्र सिंह दिव्यांग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं , बल्कि समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना का अहसास करना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने विचारों को खुलकर समाज के सामने रखने तथा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने , बेटियों , नारियों के प्रति हिंसा को रोकने , पर्यावरण संरक्षण और माता-पिता का सम्मान करने जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाने का आहवान किया। उन्होंने आगे कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के समाज और देश का निर्माण करेंगे। यदि बच्चों में छोटी उम्र से ही सामाजिक जिम्मेदारी , संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच विकसित हो जाये , तो समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है।



# आंगनबाड़ी केंद्र पर हुआ मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**ट्रॉफियां व उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिले**



**नगीना ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के तहत लाल सराय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा प्रांतीय पार्षद एडवोकेट रोहित रवि की माता संतोष देवी ने आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री हेमलता रवि और सहायिका प्रशंसा देवी को पटका पहनाकर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम से पहले पूर्व विधायक सतीश गौतम, प्रांतीय पार्षद रोहित रवि, संतोष देवी और हेमलता रवि ने आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में सफाई अभियान चलाया और समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। पूर्व विधायक सतीश गौतम, प्रांतीय पार्षद रोहित रवि और विश्वास बिश्नोई ने आंगनबाड़ी केंद्र के सभी बच्चों को ट्रॉफियां और उपहार बांटे। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर जावेद निसार, मनी जाटव, रोहन सिंह, अमर नंदा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# इस साल बढ़ा गन्ने का रकबा, 270681 से बढ़कर 271847 हेक्टेयर हुआ

**रुकन राजपूत**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भले ही गन्ने का कैंसर कहलाने वाले रेड रॉट रोग तथा अन्य रोगों के कारण गन्ने का उत्पादन घटा हो और गन्ने की खेती में किसानों की बचत घटी हो, लेकिन बिजनौर के किसानों की रुचि गन्ने की खेती में और ज्यादा बढ़ी है। आंकड़ों के मुताबिक जिले में गन्ने का रकबा पिछले पेराई सत्र की तुलना में 1,166 हेक्टेयर बढ़ गया है।

पिछले पेराई सत्र (सत्र 2025- 26 में) गन्ने का उत्पादन काफी घटा था। गन्ना प्रजातियों को खत्म कर देने वाला रोग रेड रॉट तथा अन्य बीमारियां इसका कारण रहीं। गन्ने का उत्पादन घटने से किसानों की आमदनी भी घटी और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ। पेराई सत्र 2024-25 की तुलना में पिछले पेराई सत्र 2025-26 में जिले के गन्ना किसानों को लगभग सवा पांच सौ करोड़ का नुकसान हुआ है। लेकिन फिर भी किसानों की रुचि गन्ने की खेती में कम नहीं हुई है, बल्कि आंकड़ें बताते हैं कि गन्ने की खेती के प्रति किसानों का रुझान बढ़ा है।

गन्ना विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जिले में गन्ने का रकबा 2,70,681 हेक्टेयर से बढ़कर 2,71,847 हेक्टेयर हो गया है। यानी पिछले पेराई सत्र से जिले में गन्ने का रकबा 1,166 हेक्टेयर और बढ़ गया है। जिले में लगभग पौने चार लाख गन्ना किसान हैं। इस बार बरसात में खूब बारिश हुई है। बारिश से जहां किसानों के चेहरे खिलते हैं, फसलों को लाभ होता है, वहीं गन्ने की फसल में रोग फैलने की आशंका भी रहती है। कैंसर कहलाने वाला रेड रॉट रोग अक्टूबर में तेजी से फैलता है। देखना होगा कि इस बार रेड रॉट तथा अन्य बीमारियों का गन्ने की फसल पर कितना प्रभाव पड़ता है। गन्ना किसान अच्छे गन्ना उत्पादन की आस लगाये बैठे हैं।

| मिल | सत्र 2026-27 में गन्ना क्षेत्र. | सत्र 2025- 26 में गन्ना क्षेत्र. |
|---|---|---|
| | ( क्षेत्र. हेक्टेयर में है ) | |
| अफजलगढ़ | 30,948 | 30,389 |
| बरकातपुर | 31,881 | 32,125 |
| बिजनौर | 11,508 | 11,375 |
| बिलाई | 24,705 | 25,073 |
| बुंदकी | 31,425 | 29,807 |
| चांदपुर | 15,073 | 15,379 |
| चांगीपुर | 20,865 | 21,032 |
| धामपुर | 46,199 | 46,116 |
| स्योहारा | 44,491 | 43,863 |
| नजीबाबाद | 14,752 | 15,522 |
| कुल क्षेत्र. | 2,71,847 | 2,70,681 |

**नोट** – आंकड़े डीसीओ कार्यालय से प्राप्त हैं।

# सूचना

पहले मेरा नाम उमा ( UMA ) था। दस्तावेजों के अनुसार मेरा सही नाम उमा रानी ( UMA RANI ) है। भविष्य में मुझे उमा रानी के नाम से ही जाना पहचाना जाये। -उमा रानी पत्नी श्री गजेन्द्र सिंह, गीतानगरी, मकान नं. ई 8 बिजनौर

# अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से पहले नहीं चलेगी जिले की कोई भी चीनी मिल

## यदि पुनः बारिश हुई, तो नवंबर में शुरू होगा पेराई सत्र

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बारिश के कारण जिले का गन्ना पेराई सत्र अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से पहले शुरू नहीं होगा। लेकिन यदि पुनः बारिश हुई, पेराई सत्र नवंबर में ही शुरू हो सकेगा। फिलहाल जिले की 10 में से 6 चीनी मिलों ने अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में पेराई सत्र शुरू करने की संभावना व्यक्त की है। जिले के गन्ना किसान 10-15 अक्टूबर से चीनी मिलें चलाये जाने की मांग कर रहे थे। कुछ चीनी मिलों ने अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में चीनी मिलें चलाने की संभावित तिथियां गन्ना विभाग को दी भी थीं। मगर पिछले दिनों हुई भारी बारिश ने चीनी मिलों का संचालन लेट कर दिया है। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से पहले जिले का गन्ना पेराई सत्र शुरू नहीं होगा। बुधवार को भी आसमान में घने बादल दिखाई दिये थे। यदि आने वाले दिनों में पुनः बारिश हुई, तो जिले का गन्ना पेराई सत्र और लेट होगा। बारिश होने पर कोई भी चीनी मिल नवंबर से पहले नहीं चल पायेगी। वैसे अभी भी हो सकता है कि जिले की चीनी मिलों की चेन नवंबर माह से ही चले।

### चीनी मिल पेराई सत्र शुरू होने की संभावित अवधि

| | |
|---|---|
| बरकातपुर | अक्टूबर का अंतिम सप्ताह या एक नवंबर |
| धामपुर | अक्टूबर का अंतिम सप्ताह |
| स्योहारा | अक्टूबर का अंतिम सप्ताह |
| बिलाई | अक्टूबर का अंतिम सप्ताह |
| नजीबाबाद | नवंबर का प्रथम या द्वितीय सप्ताह |
| चांदपुर | अक्टूबर का अंतिम सप्ताह |
| बिजनौर | नवंबर का प्रथम सप्ताह |
| चांगीपुर | अक्टूबर का अंतिम या नवंबर का प्रथम सप्ताह |
| बुंदकी | नवंबर का प्रथम सप्ताह |
| अफजलगढ़ | नवंबर का प्रथम सप्ताह |

**नोट** – पेराई सत्र के श्रीगणेश की संभावित अवधि चीनी मिल अधिकारियों द्वारा बताई गई हैं।



### सत्र 2022-23 में हुआ था बंपर उत्पादन

बिजनौर ( चिंगारी )। जिले में पिछले कई पेराई सत्रों में गन्ने का उत्पादन लगातार घटा है। पिछले पेराई सत्र में उससे पहले सत्र की तुलना में एक करोड़ 31 लाख कुंतल गन्ना कम उत्पादित हुआ था, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग सवा पांच सौ करोड़ रूपये बैठती है। पेराई सत्र 2025-26 में जिले में 9.07 करोड़, सत्र 2024-25 में 10.38 करोड़ , सत्र 2023-24 में 9.43 करोड़ तथा सत्र 2022-23 में 12.43 करोड़ कुंतल गन्ने की पेराई हुई थी। सत्र 2022- 23 में जिले में ऐतिहासिक एवं सर्वोच्च गन्ना पेराई हुई थी। मिलें जून के महीने तक चली थीं। चीनी मिलें पेराई करते-करते थक गई थीं।

# पॉक्सो अधिनियम के प्रति 4450 छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

## गांधी जयंती के उपलक्ष्य में जिले के विभिन्न विद्यालयों में चलाया जा रहा विशेष जागरूकता अभियान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशों तथा जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजय कुमार सप्तम के मार्गदर्शन में 25 सितंबर से 1 अक्टूबर 2026 तक गांधी जयंती के अवसर पर विशेष विधिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जनपद के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों, कानूनी अधिकारों और बाल यौन अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 4450 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।




इसी क्रम में 30 सितंबर 2026 को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बिजनौर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम प्रशान्त मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वाति चन्द्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम प्रशान्त मित्तल ने छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम- 2012 की जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करने और ऐसे मामलों की त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह जेंडर-न्यूट्रल कानून है, जिसके तहत लड़के और लड़कियां दोनों संरक्षित हैं।

### बच्चों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना कानून का उद्देश्य

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वाति चन्द्रा ने कहा कि पॉक्सो अधिनियम बच्चों की सुरक्षा, न्याय और पुनर्वास सुनिश्चित करने के साथ ही बाल यौन अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित सक्षम अधिकारी को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### विद्यालयों में आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम

**विशेष जागरूकता अभियान के तहत राजकीय हाईस्कूल पुष्पीपुर, राजकीय हाईस्कूल पाडला, किसनपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिजनौर, मंडल इंटर कॉलेज मोहम्मदपुर देवमल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गजरौला शिव, हयातनगर सार्वजनिक इंटर कॉलेज, राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज, बिजनौर इंटर कॉलेज, राजा हर्षवर्धन इंटर कॉलेज हल्दौर और गांधी इंटर कॉलेज बास्टा सहित जनपद के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें न्यायिक अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी।**

# अंकुल ने अनेक गांवों में पदयात्रा निकालकर बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद

**चांदपुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल के युवा नेता अंकुल चौधरी ने क्षेत्र के अनेक गांवों में पदयात्रा निकालकर गांव के बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। ग्रामीणों से मिल रहे प्यार से अंकुल चौधरी गदगद हैं।



चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी में लगे युवा रालोद नेता अंकुल चौधरी द्वारा ग्राम अजुपुरा, हीमपुर दीपा, मारूफपुर, जोगी औंधा, टूंगरी, पीपली जट, ऊमरी पीर, चमरौला, रौनिया, राजोपुर बहमन के अलावा ग्राम हाशमपुर, बाबरपुर, रवाना हैबत, हल्ला नंगला, इस्माईलपुर, बिराल, बुचा नांगल, आजमपुर व तंगरोला में जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे आकर संगठन और समाज में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह द्वारा युवाओं के कौशल विकास, रोजगार के अवसरों और खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए युवाओं से संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने की।

कार्यक्रम में प्रशांत कुमार, बिट्टू चौधरी, ओमपाल सिंह, सुबोध कुमार, छत्रपाल सिंह, कोमन सिंह, हरि सिंह, सुरेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, भीम सिंह, ऋषिपाल, बिजेंद्र, लोकेंद्र सिंह, जोगिंदर सिंह, रतन सिंह, भूरे सिंह, पूर्व प्रधान चरण सिंह, पूर्व प्रधान संदीप कुमार, सोमपाल सिंह, एडवोकेट देवेंद्र सिंह, एडवोकेट राकेश कुमार, डॉ. राकेश शर्मा, सोनू, बबलू चौधरी, चौधरी विजयभान सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पदयात्रा के दौरान अंकुल चौधरी का गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों से मिल रहे प्यार से अंकुल चौधरी गदगद हैं।

# कथा में पहुंच रही भीड़ भारी
## आज पहुंचीं थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम खानपुर के वी.के. फार्म हाउस में जारी श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक पं. राजू गौड़ ने केवट-श्रीराम, माता शबरी-श्रीराम, रावण द्वारा माता सीता के हरण, लंका दहन, कंस के जन्म, वसुदेव-देवकी विवाह, श्रीकृष्ण के जन्म सहित कई कथाओं का वाचन किया। इस अवसर पर वसुदेव-श्रीकृष्ण की झांकी का भी प्रदर्शन किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण बने मासूम के चरण छूकर आशीर्वाद लिया। भागवत कथा में पहुंचीं थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी को आयोजक केशव शरण तथा उनकी सहधर्मिणी वर्षा ने राधा-कृष्ण का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। भागवत कथा सुनने को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।



# शिवसेना ने बनाया मन, अलग राज्य के लिये शुरू किया जायेगा आंदोलन

**चांदपुर (चिंगारी)।** शिवसेना कार्यकर्ताओं की बैठक में शिवसेना पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रमुख ललित मोहन शर्मा के आदेश अनुसार एक अक्टूबर से पश्चिम उत्तर प्रदेश में एम्स बनाने, हाईकोर्ट बैंच की स्थापना व पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य का दर्जा दिये जाने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया।



शिवसेना के ग्राम बागडपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर आयोजित बैठक में शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एम्स बनाने, हाईकोर्ट बैंच की स्थापना किये जाने व पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा।

बैठक में राज्य उपप्रमुख पं. नरेश कुमार शर्मा, कमल वीर प्रजापति, दिनेश तोमर, शोभित गुर्जर, पुलकित शर्मा, बिजेंदर कुमार, गजेंद्र सिंह, कमल प्रजापति, संदीप बिल्ला आदि शिव सैनिक मौजूद रहे।

# ईंट-भट्ठा संचालक 30 नवंबर तक जमा करें विनियमन शुल्क

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद के समस्त ईंट-भट्टा स्वामियों को ईंट-भट्टा सत्र 2026-27 के लिए निर्धारित विनियमन शुल्क जमा करना होगा। विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के 23 सितंबर 2026 के पत्र के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के नियम 21(2) के तहत पायों की संख्या के आधार पर शुल्क निर्धारित किया जाएगा। यह सत्र एक अक्टूबर 2026 से 30 सितंबर 2027 तक मान्य रहेगा। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने यह जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने बताया कि ईंट-भट्टा स्वामियों को विनियमन शुल्क जमा करने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ 2,000 रुपये शुल्क जमा करना अनिवार्य है। आवेदन में भट्टा स्वामी का विवरण, भट्टा स्थल के जियो-कोऑर्डिनेट, भट्टे का प्रकार सामान्य या जिग-जैग, पायों की संख्या, ईंट-मिट्टी के खनन क्षेत्र का विवरण और संबंधित भट्टा सत्र की जानकारी दर्ज करनी होगी। इसके साथ ईंट-मिट्टी की रॉयल्टी और विनियमन शुल्क बकाया न होने का शपथ पत्र भी देना होगा। उन्होंने बताया कि आवेदन में दर्ज पायों की संख्या के आधार पर विनियमन शुल्क और प्रदूषण संबंधी धनराशि निर्धारित होगी। यह राशि पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भुगतान भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के लेखा शीर्षक 0853-अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग, 107-लघु खनिज रियायत शुल्क में किया जाएगा। ऑनलाइन भुगतान के बाद भट्टा स्वामी पोर्टल से शुल्क जमा करने का प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकेंगे। जिलाधिकारी के अनुसार विनियमन शुल्क अग्रिम रूप से जमा करने के बाद ही ईंट-भट्टे का संचालन किया जा सकेगा। बिना शुल्क जमा किए संचालित



पाए जाने वाले भट्टों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। 30 नवंबर 2026 तक जमा की गई विनियमन शुल्क की धनराशि पर ब्याज देय नहीं होगा, जबकि इसके बाद जमा की जाने वाली धनराशि पर नियमानुसार ब्याज देना होगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी ईंट-भट्टे में वास्तविक पायों की संख्या आवेदन में घोषित संख्या से अधिक पाई जाती है, तो वास्तविक संख्या के आधार पर नियमानुसार राजस्व क्षति की वसूली की जाएगी। इसके अतिरिक्त भट्टे के पायों की संख्या या स्थान में बदलाव होने पर संबंधित स्वामी को 30 दिन के भीतर जिलाधिकारी, खान अधिकारी या खान निरीक्षक, बिजनौर तथा भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय को सूचना देना अनिवार्य होगा।

# 10 साल पुराने आधार कार्ड में करायें जरूरी दस्तावेज अपडेट

## बिजनौर में अगस्त में बने 7086 नये आधार

## 37,814 आधार अपडेट

## 4 जून 2027 तक माय आधार पोर्टल पर डॉक्यूमेंट अपडेट निःशुल्क

**बिजनौर (चिंगारी)।** आधार संबंधी गतिविधियों के अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन के लिए गठित जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की त्रैमासिक बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आधार से जुड़े कार्यों और लोगों को मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में आधार व्यक्ति की पहचान के प्रमाण के रूप में महत्वपूर्ण बन गया है। विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ लेने के लिए आधार में व्यक्तिगत विवरण नवीनतम रखना जरूरी है, ताकि प्रमाणीकरण और सत्यापन के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने ऐसे आधार धारकों से, जिनका आधार 10 वर्ष पहले बना था और इसके बाद अपडेट नहीं कराया गया है, दस्तावेज अपडेट कराने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि यूआईडीएआई की ओर से आधार धारकों को पहचान और पते के प्रमाण संबंधी दस्तावेज अपडेट करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह सुविधा माय आधार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ली जा सकती है। इसके अलावा नजदीकी आधार नामांकन केंद्र पर जाकर भी दस्तावेज अपडेट कराए जा सकते हैं।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित ने बताया कि जिले में 12 एजेंसियां आधार संबंधी कार्य कर रही हैं, जिनके पास 237 किट मशीनें हैं। अगस्त 2026 में जिले में 7086 नये आधार कार्ड बनाए गए, जबकि 37,814 आधार अपडेट किए गए।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार नये आधार पंजीकरण, पांच से सात वर्ष और 15 से 17 वर्ष तक के बच्चों के अनिवार्य आधार अपडेट तथा सात से 15 वर्ष तक के बच्चों के आधार की अवधि बढ़ाने के कार्य के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। बायोमैट्रिक अपडेट, जिसमें फिंगरप्रिंट, आइरिस और फोटो शामिल हैं, के लिए जीएसटी सहित 125 रुपये निर्धारित हैं। नाम, पता, जन्मतिथि और मोबाइल आदि के अपडेट के लिए 75 रुपये शुल्क निर्धारित है।

किसी भी समस्या या शिकायत के निस्तारण के लिए टोल फ्री नंबर 1947 अथवा 0522-2304978 और 2304979 पर संपर्क किया जा सकता है। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कान खोलकर सुन लो जनाब, दुकान पर नहीं बिकने देंगे शराब

## ग्रामीणों ने महिलाओं के साथ शराब की दुकान पर किया हंगामा, पुलिस ने दुकान बंद कराई

**नूरपुर ( चिंगारी )।** चांदपुर मार्ग से गांव जाफरपुर कोट चेहली को जाने वाले संपर्क मार्ग के अड्डे पर खुली अंग्रेजी शराब की दुकान को लेकर ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए हंगामा किया। बुधवार को गांव आजमपुर की सीमा में आवंटित हुई अंग्रेजी शराब की दुकान पर पिछले करीब तीन माह से आसपास ही अस्थाई दुकान से बिक्री की जा रही है। चांदपुर-नूरपुर मुख्य मार्ग पर जाफरपुर कोट को जाने वाले संपर्क मार्ग पर बने यात्री प्रतीक्षालय में गांव से आने वाली महिलाओं, स्कूली छात्राओं, बच्चों को पास में खुली शराब की दुकान पर खड़े आसामाजिक तत्वों की वजह से परेशानी खड़ी हो गई है, जिसके विरोध में सैकड़ों ग्रामीणों ने दुकान के पास जाकर हंगामा करते हुए प्रशासन से शराब की दुकान को बंद कराए जाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन



शराब की दुकान को लेकर हंगामा करते ग्रामीण।

की सूचना पर गौरक्षा धाम चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाकर दुकान बंद करा दी। विरोध जता रही महिलाओं का कहना है कि ई-रिक्शा व बस का इंतजार करने के लिए वहां महिलाएं खड़ी रहती हैं। दुकान से शराब खरीदने वालों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे महिलाओं और छात्राओं को भारी असुविधा और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। इसी से नाराज होकर ग्रामीणों ने दुकान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। आबकारी प्रभारी निरीक्षक कुसमाकर धर ने बताया कि अंग्रेजी शराब की दुकान गांव आजमपुर की सीमा में पुनीत कुमार के नाम पर आवंटित हुई है। नई बनी दुकान पर बिक्री को लेकर लोगों के विरोध की जानकारी मिली है। शिकायत कर्ताओं से वार्तालाप कर समस्या का निस्तारण कराया जाएगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में महेंद्र सिंह, सागर, राहुल, देवेंद्र, रूपचंद, गौतम, अरविंद, बीना, रूपा, राधा, नीतू, राखी, बाला, नीरज देवी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# लायंस क्लब ने आयोजित की विश्व शांति पोस्टर प्रतियोगिता

## उच्च प्राथमिक विद्यालय नसीरी में हिमानी ने पाया पहला स्थान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन आदित्य एवं डिस्ट्रिक्ट पीस पोस्टर कमेटी चेयरपर्सन लायन रश्मि गुप्ता के आह्वान पर लायंस क्लब बिजनौर सिटी एवं लायनेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक उच्च विद्यालय नसीरी तथा रेनबो पब्लिक स्कूल में विश्व शांति पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नसीरी विद्यालय में विद्यार्थियों ने माथे पर चंदन का तिलक लगाकर, स्वागत गीत गाकर और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नसीरी विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में 10 बच्चों ने ब्रुश से विश्व बंधुत्व का ऐसा अक्स उतारा कि देखने वाले विस्मय में पड़ गए। हिमानी ने प्रथम, रोशनी ने द्वितीय तथा रिया रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लायन रश्मि गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को डिस्ट्रिक्ट का प्रमाण-पत्र एवं विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। क्लब अध्यक्ष लायन पीयूष सिंह द्वारा बच्चों को पेन, पेंसिल, स्केच किट वितरित कर सुरुचिपूर्ण जलपान कराया गया। उधर रेनबो पब्लिक स्कूल में भी शांति और सद्भाव की यही सम्मोहक छटा देखने को मिली, जहां छात्र-छात्राओं ने अपनी मौलिक व गहरी सोच को रंगों के जरिए कैनवास पर उतारकर युद्ध मुक्त विश्व, प्रकृति प्रेम और वैश्विक सौहार्द का संदेश गढ़ा। कार्यक्रम में आयोजन में नसीरी विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका रंजना हरित, सहायक अध्यापिका रेनू सिंह, स्टाफ सदस्य अमित कुमार, रेनबो पब्लिक स्कूल का शिक्षक परिवार तथा क्लब अध्यक्ष लायन पीयूष सिंह, लायन रश्मि गुप्ता, लायन जयवीर राठी, लायन अशोक चौधरी, लायन विभूति भटनागर, लायनेस अध्यक्ष लायनेस प्रतिमा सिंह, लायनेस नीता अग्रवाल, लायनेस मीनू गोयल, लायनेस वंदना अग्रवाल, लायनेस अनीता राठी एवं लायनेस कुसुम चौधरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# उत्त-पित्र दोष होने पर घर में दिखाई देने लगते हैं अनेक प्रकार के संकट : संघर्षी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** कथा वाचक महंत पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी ने कहा कि पित्र पक्ष में पित्रों के प्रति दिया गया श्राद्ध तर्पण ब्रह्म भोज, दान दक्षिणा बड़े से बड़े पित्र दोष को दूर कर देता है। ग्राम लिन्डरपुर जाफरा में सीताराम सिंह सैनी के आवास पर प्रवचन करते हुए उन्होंने भक्तों को समझाया कि अपने पूर्वजों के प्रति अखंड श्रद्धा भाव को ही श्राद्ध कहा गया है। देवताओं द्वारा भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विनी मास कृष्ण पक्ष अमावस्या तक ये सोलह दिन पित्र पक्ष के निमित्त दिये गये हैं, इन दिनों में पित्रों के प्रति किया गया ब्रह्म भोज, श्राद्ध तर्पण दान, दक्षिणा, बड़े से बड़े पित्र दोष को भी दूर करने में सक्षम है। घर में उत्त-पित्र दोष होने पर घर में अनावश्यक खर्च, घर की महिलाओं में बीमारी, घर के मुखिया को चिड़चिड़ापन तथा मानसिक अशांति, घर में मनुष्यों की तथा पशुओं की वंश वृद्धि पर असर, लड़ाई झगड़ों की अधिकता तथा समूची पारिवारिक उन्नति का रुक जाना जैसे संकट दिखाई देने लगते हैं, जिनको केवल उत्त पित्रों की तृप्ति से ही दूर किया जाता है। इसीलिए किसी भी परिस्थिति में श्राद्ध पक्ष में पित्रों का श्राद्ध-तर्पण नहीं रुकना चाहिए। श्री संघर्षी महाराज ने इस अवसर पर देव ऋण, पित्र ऋण, ऋषि ऋण की महत्ता को विधिवत समझाया, जिस सुनकर सभी भक्त भावविभोर हो गये। सत्संग प्रवचन में सीताराम सिंह सैनी, देव भारद्वाज, देवाशीष महाराज, रेशव भारद्वाज, विपुल शर्मा, अमित शर्मा, राजू सैनी, कपिल सैनी, श्रीमती सविता सैनी, मिनाक्षी भारद्वाज, श्रीमती बीना साधना, श्रीमती सीतू सैनी, श्रीमती नीरज महेश्वरी, श्रीमती बाला देवी, बबली देवी, सोनम देवी, पूजा देवी, कमलेश सैनी, राखी सैनी इत्यादि का विशेष सहयोग रहा। सत्संग का संचालन देवाशीष महाराज ने किया।




# लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर होगी गोष्ठी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक बुधवार को पत्रकार प्रदीप भटनागर के निवास स्थान पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता राजवर्धन भटनागर ने की। बैठक में चित्रांश बंधुओं ने सहभागिता करते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 2 अक्टूबर को राष्ट्रपुरुष एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रात: 8.30 बजे शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके साथ ही लालबहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों, सादगी, राष्ट्रसेवा, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा पर विचार गोष्ठी का आयोजन शाम 5 बजे होगा। बैठक में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश भटनागर, रितेश भटनागर, गौरव भटनागर एडवोकेट, प्रदीप भटनागर, राजवर्धन भटनागर, ज्ञानस्वरूप भटनागर एवं सात्विक भटनागर सहित अनेक चित्रांश बंधु उपस्थित रहे। बैठक के अंत में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के महासचिव स्वर्गीय योगेश भटनागर के निधन पर उपस्थित सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शिक्षकों ने की सम्मानजनक वेतन व सेवा सुरक्षा की मांग

## एसडीएम को ज्ञापन दिया, कैशलेश चिकित्सा सुविधा के बहिष्कार का निर्णय

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर एवं वर्धमान कॉलेज, बिजनौर के शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी बिजनौर को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने प्रदेश के 331 अनुदानित महाविद्यालयों में पिछले लगभग 25 वर्षों से दोहरी व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों की सेवा संबंधी समस्याओं एवं सेवा सुरक्षा के मुद्दे को ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन के समक्ष रखा। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के अनुदानित महाविद्यालयों में लगभग 3000 शिक्षक लंबे समय से सेवाओं की अनिश्चितता के बीच कार्य कर रहे हैं। शिक्षक पिछले लगभग 9 वर्षों से अपनी सेवाओं के विनियमितीकरण अथवा निश्चित मानदेय के लिए प्रतीक्षारत हैं। शिक्षकों ने कहा कि लंबे समय से कार्य करने के बावजूद उन्हें



सम्मानजनक वेतन एवं सेवा सुरक्षा का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। सरकार द्वारा प्रायोजित कैशलेस चिकित्सा योजना का शांतिपूर्ण बहिष्कार करते हुए शिक्षकों ने कहा कि सम्मानजनक वेतन एवं सेवा सुरक्षा के अभाव में शिक्षक निराश एवं दु:खी हैं और अपनी समस्याओं के समाधान की अपेक्षा शासन एवं प्रशासन से कर रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर से डॉ. सुरेश सिंह, डॉ. आबिदा, डॉ. नज्मुनिसा, डॉ. सारिका, डॉ. ऋचा शर्मा, मुकुल, प्रताप सिकरदर, रानू, डॉ. शिरीन फातिमा, डॉ. सुनीता आर्य, ज्योति कर्णवाल, ऋतु सैनी एवं डॉ. मृदुल उपस्थित रहे।

# आरबीडी कॉलेज में आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को मिली वित्तीय सहायता

**बिजनौर ( चिंगारी )। रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय ( आरबीडी कॉलेज ), बिजनौर में निर्धन छात्रा कल्याण समिति की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से वित्तीय सहायता वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजु के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की मैनेजमेंट समिति के नामित सदस्य प्रवीण गुप्ता द्वारा तीन जरूरतमंद छात्राओं को उनकी शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर छात्राओं को आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद अपनी पढ़ाई जारी रखने और बेहतर भविष्य के लिए मेहनत करने के लिए प्रेरित




किया गया। प्राचार्या प्रो. मंजु ने कहा कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण किसी भी छात्रा की शिक्षा बाधित नहीं होनी चाहिए। महाविद्यालय का प्रयास है कि जरूरतमंद छात्राओं को हर संभव सहयोग और अवसर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने प्रवीण गुप्ता के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि समाज के सक्षम और संवेदनशील लोगों का इस प्रकार का सहयोग छात्राओं के शैक्षिक भविष्य को मजबूत करने के साथ उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना भी विकसित करता है। निर्धन छात्रा कल्याण समिति की समन्वयक डॉ. दीपा ने प्रवीण गुप्ता के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने उनके सामाजिक एवं शैक्षिक योगदान की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी जरूरतमंद छात्राओं की सहायता के लिए इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा। कार्यक्रम को महाविद्यालय की शिक्षा के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक प्रयास बताया गया। इस अवसर पर समिति की सह समन्वयक डॉ. आस्था प्रताप, डॉ. आबिदा, डॉ. मीनू सिरोही एवं कु. मोनी उपस्थित रहीं।

## वैश्य समाज की बैठक में अग्रसेन जयंती के आयोजन की रूपरेखा तैयार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** अग्रवाल वैश्य सभा की एक बैठक राजीव अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक में अग्रसेन जयंती के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। बुधवार की रात आयोजित बैठक में 19 अक्टूबर को अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। नगरध्यक्ष मुकुल गुप्ता ने समाज के लोगों से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। संगठन के नगरध्यक्ष मुकुल गुप्ता की अध्यक्षता एवं प्रणयमनु गुप्ता के संचालन में आयोजित बैठक में सुशील गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, गौरव मित्तल, प्राज्ञ गुप्ता, पवन अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, अभिनव बंसल, सुबोध रस्तौगी एवं मुकेश रस्तौगी आदि ने हिस्सा लिया।

# एकत्र होकर बोले व्यापारी, समस्याएं हल करा दो हमारी



**शेरकोट ( चिंगारी )।** व्यापारियों ने सरकार द्वारा यूपीआई ट्रांजेक्शन पर लगाए टैक्स सहित व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर थानाध्यक्ष को प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर टैक्स पर रोक लगाने की मांग की है।

बीती रात दर्जनों व्यापारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले नगर के मुहल्ला इमामबाड़ा स्थित कार्यालय पर एकत्रित हुए। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह व्यापारियों के बीच पहुंचे। व्यापारियों ने नगराध्यक्ष अंसार अहमद के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम सम्बोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में व्यापारियों ने बताया कि यूपीआई पर टैक्स लगाए जाने से व्यापार पर गलत असर पड़ेगा। व्यापारियों ने छोटी-छोटी समस्याओं पर जीएसटी अधिकारियों द्वारा व्यापारियों का अनावश्यक किया जाने वाला उत्पीड़न बंद कराने, प्राथमिकता के आधार पर व्यापारियों के शस्त्र लाइसेंस बनवाने, खाद्य विभाग द्वारा व्यापारियों के प्रतिष्ठान की जांच व सेम्पल लेते समय व्यापार मण्डलों के पदाधिकारियों को सूचित करने सहित कई मांग की गई। इस मौके पर नगराध्यक्ष अंसार अहमद, महासचिव मनोज शर्मा, मौ. आसिफ, धर्मेंद्र शर्मा, जमाल अहमद, बब्बू चौधरी, बिट्टू मौ. जाहिद, बबलू ट्रांसपोर्ट जुबेर अहमद, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद मुजाहिद, रिहान अहमद, सलीम अहमद, मौ. सलमान आदि मौजूद रहे।

## करके बेहाल, पत्नी को घर से दिया निकाल

**नहटौर ( चिंगारी )।** विवाहिता ने अपने पति पर मारपीट कर घर से निकलने का आरोप लगाया है। नहटौर नगर निवासी युवती की शादी हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव खेड़की टप्पा निवासी व्यक्ति से हुई थी। आरोप है कि विवाहिता का पति उसे आयेदिन मारपीट कर घर से निकलने का दबाव बनता रहता था। बुधवार को भी उसने विवाहिता के साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंचे उसके मायके वालों के साथ भी आरोपी द्वारा मारपीट की गई। पुलिस ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# श्रावक धर्म परीक्षा में निशा जैन ने बाजी मारी

**नहटौर ( चिंगारी )।** दशलक्षण पर्व के अंतर्गत श्रावक धर्म परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। निशा जैन ने 1003 अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतिभाग करने वाले सभी श्रावकों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीजी मंदिर नहटौर में श्रावक धर्म परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। मंदिर प्रबंधक राजीव कुमार जैन के अनुसार निशा जैन ने 1020 में से 1003 अंक पाकर प्रथम स्थान, प्रीति जैन ने 988 अंक पाकर द्वितीय स्थान, सुरेंद्र जैन ने 993 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। टॉप 10 व टॉप 25 की घोषणा की गई। साथ-साथ प्रतिभाग करने वाले सभी श्रावकों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान आचार्य विव्रत सागर जी महाराज द्वारा श्रावकों को धर्म अनुसार दिनचर्या बनाने का आह्वान किया गया। उन्होंने मोबाइल का त्याग करने पर बालिका प्रिशा जैन आदि की सराहना की। श्रावकों ने धर्म परीक्षा के अंतर्गत आये सकारात्मक बदलाव के बारे में भी चर्चा की। बता दें कि श्रावक धर्म परीक्षा का मूल्यांकन स्वयं श्रावक द्वारा ही किया गया। उसी के आधार पर परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई।



श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्रावक धर्म परीक्षा में स्थान पाने वाले श्रावक को सम्मानित करते हुए अतिथि।

# सहसपुर नगर पंचायत के कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए लगवाया शिविर



**सहसपुर ( चिंगारी )।** नगर पंचायत द्वारा लगाये गये स्वास्थ्य जांच शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर पंचायत के कर्मचारियों और सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की। कर्मचारियों को दवाइयां भी वितरित की गई। नगर पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देश पर वर्ष 2026 के अभियान के तहत नगर पंचायत कार्यालय में कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच कराई गई। शिविर में चिकित्सकों ने कर्मचारियों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांच की तथा आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में 73 कर्मचारियों की जांच की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. सुमित, डॉ. राहुल कांत सहित नगर पंचायत अध्यक्षा नाहिद परवीन, सलमान बाबू, रिज़वान बाबू, और समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# मृतक आश्रित कोटे में नौकरी न मिलने से परेशान युवक पैदल जायेगा मुख्यमंत्री के दरबार

**हरेवली ( चिंगारी )।** मृतक आश्रित कोटे में नौकरी नहीं मिलने से परेशान शहजादपुर निवासी कुलदीप बाल्मीकि अब अपनी फरियाद लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार पहुंचने के लिए पैदल यात्रा पर

## 23 साल से भटक रहा है दर-बदर

निकल पड़ा है। कुलदीप ने 19 सितंबर से अपनी यात्रा शुरू की है। उसका लक्ष्य 2 अक्टूबर तक लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्या रखने का है। कुलदीप बाल्मीकि ने बताया कि उसके पिता अमीचंद राजकीय यूनानी चिकित्सालय, चांदपुर में सफाई कर्मी के पद पर नियुक्त थे।




दिसंबर 1990 में ड्यूटी के दौरान उनके पिता की मृत्यु हो गई थी। उस समय कुलदीप की उम्र महज ढ़ाई वर्ष थी, जबकि उसके भाई की उम्र पांच वर्ष थी। परिवार पर छोटी उम्र में ही दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। कुलदीप के अनुसार, वर्ष 2003 में बालिग होने के बाद उसने मृतक आश्रित कोटे के तहत नौकरी पाने के लिए आवेदन किया था। उसे उम्मीद थी कि पिता की मृत्यु के बाद परिवार को आर्थिक सहारा मिलेगा, लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद उसे नौकरी नहीं मिल सकी। नौकरी के लिए उसने लंबे समय तक अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काटे और न्यायालय की शरण भी ली। उसका कहना है कि न्यायालय से आदेश होने के बावजूद उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ।



## राशिफल

## विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026**

मेष- वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, परिवार में हर्ष एवं उल्लास का वातावरण, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति, संत समागम।

वृषभ- स्वास्थ्य सुधार पर, किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, आत्मसंयम से प्रगति का सिलसिला, दाम्पत्य जीवन सुखमय, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, लाभ भी।

मिथुन- पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति में बाधा, कार्यक्षमता में व्यतिक्रम, व्यवहार में लापरवाही नुकसानदायक, आय की तुलना में व्यय अधिक, विवाद से अशांति।

कर्क- आर्थिक उन्नति का सुयोग, आशानुकूल घटनाएँ घटित, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, मित्रों-स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, अध्यावसाय की ओर रुझान।

सिंह- कार्य-व्यवसाय में विस्तार, आत्मसंयम से कार्य सिद्धि, परिश्रम के अनुरूप सफलता, रचनात्मक कार्यों में वृद्धि, पारिवारिक सम्बन्धों में सुधार, मान-प्रतिष्ठा।

कन्या- वांछित प्रगति का प्रयास सार्थक, अपनी प्रतिभा का सदुपयोग, आमोद-प्रमोद के साधन उपलब्ध, परीक्षा प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, स्थान-परिवर्तन।

तुला- उन्नति का मार्ग अवरुद्ध, राजकीय पक्ष से असहयोग, प्रेम सम्बन्धों में प्रतिकूलता, वाद-विवाद की आशंका, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, आलस्य की अधिकता।

वृश्चिक-वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि, आहार-विहार में नवीनता, सोचे हुए कार्य पूर्णता की ओर।

धनु- आर्थिक प्रगति हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, आशाएँ फलीभूत, मित्रों-परिजनों से विचार विमर्श, जीवन साथी से सानिध्य, बकाए धन की वसूली, विवाद का समापन।

मकर- पराक्रम में वृद्धि, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, उत्साह में वृद्धि, बुद्धि का विकास, खुशी भी।

कुम्भ- आरोप प्रत्यारोप की स्थिति उपस्थित, किसी से विश्वासघात की आशंका, वाद-विवाद से कष्ट, जोखिम से हानि, धन की क्षति, स्वजनों से मनमुटाव, एकाग्रता भंग।

मीन- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, कुछेक समस्याएं हल, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, योजना को मूर्तरूप में परिणित।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

# स्टेट ताइक्वांडो में अर्श का जलवा, गोल्ड जीता

**स्योहारा ( चिंगारी )।** बरेली के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मधुर मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल के ताइक्वांडो खिलाड़ी मोहम्मद अर्श ने स्वर्ण एवं घनश्याम प्रजापति ने रजत पदक जीतकर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया।

स्वर्ण पदक विजेता मोहम्मद अर्श अब 1 से 4 अक्टूबर तक इंदौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित 40वीं नेशनल सब-जूनियर




क्योरुगी ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2026 में प्रतिभाग करेंगे। स्कूल के पीटीआई आज़म हसन ने बताया कि इस सफलता में मधुर मेमोरियल पब्लिक स्कूल प्रशासन एवं ताइक्वांडो कोच दीपिका सिंह एवं शिवानी सिंह का अहम योगदान है। स्कूल के प्रधानाचार्य मेराजुद्दीन मैनजर आलोक अग्रवाल, डायरेक्टर सार्थक अग्रवाल एवं कोचों ने अर्श की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## आबादी के नजदीक पहुंचा गुलदार बछड़े का किया शिकार



**किरतपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा खेड़ी के जंगल में गुलदार ने एक बछड़े को निवाला बना लिया। आबादी के नजदीक बछड़े का शिकार किए जाने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोगों ने बताया कि अफजाल अहमद पुत्र अहबाब अहमद के घर के समीप स्थित जंगल में गुलदार ने बछड़े पर हमला कर उसे मार डाला। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में इससे पहले भी गुलदार देखे जाने की घटनाएं सामने आती रही हैं। ग्रामीण सुशांत कुमार राजपूत ने बताया कि क्षेत्र में गुलदार की मौजूदगी की सूचना पूर्व में भी वन विभाग को दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान के पास बछड़े का शिकार हुआ है, वहां से सरकड़ा खेड़ी के बच्चे पैदल भोजपुर स्थित स्कूल जाते हैं। ऐसे में गुलदार की मौजूदगी से अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मौके का निरीक्षण कर गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखने, क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और ग्रामीणों को सुरक्षा संबंधी जानकारी देने की मांग की है। साथ ही गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाए जाने की भी मांग उठाई है।

## ट्रेन की चपेट में आकर मोनू की मौत, परिवार में कोहराम मचा

**नगीना ( चिंगारी )।** कालाखेड़ी रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आकर एक 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जीआरपी नगीना के अमित कुमार ने बताया कि रात्रि 12:55 बजे गेट मैन ने कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर खंबा नंबर 470 बी डाउन लाइन पर एक व्यक्ति के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना दी। सूचना पर धामपुर जीआरपी चौकी के प्रभारी कौशल किशोर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की शिनाख्त मोहल्ला शाहजहीर निवासी मोनू ( 30 वर्ष ) पुत्र डालचंद्र के रूप में हुई। ट्रेन की चपेट में आने से उसका सिर नष्ट हो गया। मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जीआरपी चौकी धामपुर के प्रभारी कौशल किशोर ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोनू अपनी पत्नी व बच्चों के साथ लाइनपार की कॉलोनी में रह रहा था।

## कथा के शुभारंभ पर नहटौर में 151 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**नहटौर ( चिंगारी )।** सनातन धर्म प्रचार सभा के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत का आयोजन किया गया। कथा के शुभारंभ पर नहटौर नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा व्यास सुदामा दास जी ने श्रीमद्भागवत कथा महत्व बताया।

बुधवार को सनातन धर्म प्रचार सभा द्वारा कासमपुर लेखराज स्थित नवदुर्गा मंदिर से 151 महिलाओं ने शीश पर कलश धारण कर यात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें कथा के मुख्य यजमान सभासद मुकेश गुप्ता सराफा व उनकी धर्मपत्नी पायल गुप्ता अपने सर पर श्रीमद्भागवत को लेकर कलश यात्रा के साथ आगे चल रहे थे। कलश यात्रा में सबसे पीछे कथा व्यास सुदामा दास जी रथ पर सवार रहे। बैंडबाजा धार्मिक धुने बजाते हुए चल रहा था। कलश यात्रा दुर्गा मंदिर से प्रारम्भ होकर थाना कोतवाली, एजेंसी चौराहा, कालू की आढ़त, मौहल्ला हलवाइयान, मौहल्ला अफगानान से होती हुई श्रीमती संतोष वैष्णो धर्मशाला परिसर जाकर संपन्न हुई, जहां पर कथा व्यास जी द्वारा भागवत कथा के महत्व को बताया। इस अवसर पर बाबा मलंग दास, समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, पलक गुप्ता, पवन अग्रवाल, रमन गोयल, निश्चल त्यागी, रतन सैनी, सुशांत अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, नामित सभासद अंकुश अग्रवाल, अंजू गोयल, मीरा अग्रवाल, रचना तायल, बबीता अग्रवाल, छाया अग्रवाल, मोहिनी त्यागी आदि महिलाएं शामिल रहीं।

## मालीवाला पहुंचे पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह, ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** ग्राम मालीवाला में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री डॉ. यशवंत सिंह टैक्स कंसल्टेंट उवैस के आवास पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान गांव की विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व सांसद के समक्ष अपनी बात रखी। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख नहटौर, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं आरएसएस प्रभारी विपुल चौधरी तथा भाजपा मंडल मंत्री संजीव त्यागी भी मौजूद रहे। पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। डॉ. यशवंत सिंह ने टैक्स कंसल्टेंट उवैस से गांव की समस्याओं के समाधान को लेकर धामपुर स्थित अपने आवास पर आने के लिए भी कहा। उन्होंने ग्रामीणों से क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर टैक्स कंसल्टेंट उवैस, पत्रकार सलीम हैदर, सलमान शेख फरीदुद्दीन, नेता जावेद अहमद मतिनुदीन, अरशद अहमद, हबीब नेता, साबिर प्रधान, सोनू, उस्मान शेख समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पूर्व सांसद के गांव पहुंचने और ग्रामीणों से सीधे संवाद करने को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दिया।



## उत्तम शुगर मिल्स में 15 को बॉयलर पूजन

### एक नवंबर को पेराई सत्र शुरू होने की संभावना

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के गन्ना पेराई सत्र 2026-27 का आगाज संभवत: एक नवंबर को होगा, जबकि बॉयलर पूजन 15 अक्टूबर को होने की संभावना है। महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर ने बताया कि मिल के कुल 90 बाह्य गन्ना क्रय केन्द्रों में से 42 केन्द्र स्थापित हो चुके हैं। पिछले दिनों भारी बारिश होने से पानी भरने के कारण फिलहाल गन्ना क्रय केन्द्र स्थापित करने का कार्य बाधित हुआ है। पानी सूखने पर कार्य तेजी से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मिल का मरम्मत कार्य 70-75 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। मिल में बॉयलर पूजन संभवत: 15 अक्टूबर को होगा तथा नवीन गन्ना पेराई सत्र एक नवंबर को शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि मिल प्रशासन ने संभावित तिथि 26 अक्टूबर बताई है, लेकिन पेराई सत्र एक नवंबर को ही शुरू होने की प्रबल संभावना है। अभी गन्ना क्षेत्र सुरक्षण की बैठक तो लखनऊ में सम्पन्न नहीं हुई है, लेकिन पिछले पेराई सत्र में आवंटित गन्ना क्षेत्रफल के आधार पर मिल क्षेत्र में 31,000 हेक्टेयर गन्ना क्षेत्रफल का सर्वेक्षण हुआ है।

# किच्छा विधायक पर हमले के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

## प्रदेश सरकार का पुतला किया दहन



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के साथ किच्छा नगरपालिका चुनाव के दौरान हुई कथित हाथापाई और हमले के विरोध में श्यामपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला दहन करते हुए घटना की निंदा की और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। घटना को लेकर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कांग्रेस द्वारा विरोध-प्रदर्शन किए जाने की खबरें भी सामने आई हैं। प्रदेश महासचिव जयेंद्र रमोला ने कहा कि भाजपा राज में गुंडा तत्वों को बढ़ावा मिला है तभी एक चुने जनप्रतिनिधि के ऊपर पुलिस की मौजूदगी में हमला किया जाता है। विधायक पर हमला जैसी घटना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता किसी भी जनप्रतिनिधि के सम्मान और लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार का विरोध करते रहेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि किच्छा की घटना ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं और जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। श्यामपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयपाल पंवार ने कहा कि विधायक तिलक राज बेहड़ के साथ हुई घटना के विरोध में कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुट है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष कांता प्रसाद कंडवाल, उपाध्यक्ष सत्याभामा, श्यामपुर मंडलम अध्यक्ष सनमोहन सिंह रावत, गुमानीवाला मंडलम अध्यक्ष रविन्द्र दत्त उनियाल, उपाध्यक्ष सरदार वारयाम सिंह, महासचिव हेमू पुंडीर, पूर्व प्रधान सतीश रावत, धर्मेन्द्र सिंह, विनोद पोखरियाल, महासचिव बीना बडोला, सतीश रावत, धर्मेन्द्र सिंह, विनोद पोखरियाल, महासचिव पुनीत कुमार शर्मा, सचिव इंदू, सचिव आभा, सचिव मीना थापा, हर्ष कुमार, रोहित नेगी, हर्षपति सेमवाल, विनोद रावत, जीतू रांगड आदि उपस्थित थे।

## टीबी मुक्त पंचायत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** दुगड्डा ब्लॉक के साझासैंण स्थित सभागार में टीबी मुक्त पंचायत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्राम प्रधानों को टीबी के लक्षणों की पहचान, समय पर जांच और उपचार के साथ ही मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और निक्षय पोषण योजना की जानकारी दी गई। दुगड्डा ब्लॉक के क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के वरिष्ठ उपचार निरीक्षक कुलदीप सिंह रमोला ने ग्राम प्रधानों को टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पंचायत स्तर पर रोगियों की पहचान एवं जांच को प्रोत्साहित करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से गांवों को टीबी मुक्त बनाने के अभियान को गति मिल सकती है। इस दौरान टीबी मुक्त अभियान के तहत तीन ग्राम पंचायतों को राष्ट्रपति महात्मा गांधी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उमथगांव की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी काकुल वैद्य, प्रधान संगठन के अध्यक्ष सरदार सिंह नेगी, सचिव प्रीतपाल सिंह, ग्राम प्रधान रजनी देवी, अनीता देवी, सरिता देवी, कुमारी रीना, विनोद रावत, ताहिर अली मौजूद रहे।

## गुलदार की सक्रियता देख पिंजरे लगाने की मांग

**कोटद्वार (चिंगारी)।** वार्ड-2 कुंभीचौड़ के पार्षद अनिल रावत ने प्रभागीय वनाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गुलदार की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए रामपुर-कुंभीचौड़ क्षेत्र में गश्त बढ़ाने एवं पिंजरे लगाने की मांग की। पार्षद अनिल रावत ने बताया कि गुलदार की बढ़ती सक्रियता से वार्ड के सघन आबादी क्षेत्र में काफी दहशत बनी हुई है। गुलदार दिन में ही रिहायशी क्षेत्रों में नजर आ रहा है। इससे लोगों को जान का खतरा बना हुआ है। उन्होंने रामपुर-कुंभीचौड़ क्षेत्र में वन विभाग की नियमित एवं प्रभावी गश्त बढ़ाने, गुलदार की गतिविधियों वाले संवेदनशील स्थान को चिह्नित कर जरूरत के हिसाब से पिंजरे लगाने, वन विभाग की टीम द्वारा लगातार निगरानी एवं पेट्रोलिंग करने, स्थानीय लोगों को गुलदार से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी उपलब्ध कराने और गुलदार की निगरानी रखने के लिए आवश्यकता पड़ने पर ट्रैप कैमरा व अन्य निगरानी उपकरण लगाने की मांग की।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

## पशुपालन विभाग ने किया लावारिस कुत्तों का टीकाकरण

**कोटद्वार (चिंगारी)।** दुगड्डा नगर पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत पशुपालन विभाग की ओर से लावारिस कुत्तों के टीकाकरण का अभियान चलाकर 16 कुत्तों को टीके लगाये गये। नगर पालिका क्षेत्र में लावारिस कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके हमलों से आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सार्वजनिक स्थलों पर कुत्तों के आपसी संघर्ष से आवाजाही करने वाले राहगीरों को उनसे खतरा हर समय रहता है। कुत्तों के काटने से राहगीरों को रेबीज की वैक्सीन लगवाने के लिए बेस अस्पताल कोटद्वार जाना पड़ता है। पालिका की ओर इन कुत्तों को नगर पालिका क्षेत्र से बाहर कर दिया है, जिससे वह किसी को काट न सकें। अब पशुपालन विभाग व नगर पालिका परिषद दुगड्डा ने आपसी समन्वय बनाकर नगर क्षेत्र में 16 लावारिस कुत्तों को पकड़कर वैक्सीन लगाई गई। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दीपेश शर्मा ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में 16 कुत्तों का टीकाकरण किया गया है।

## उत्तराखण्ड में हुये छात्र संघों के चुनाव में अभाविप प्रत्याशियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की



प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को बधाई देते हुए रसिक महाराज।

**ऋषिकेश/रायवाला (चिंगारी)।** उत्तराखंड में छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप के प्रत्याशियों द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करने पर सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को सरकारी आवास यमुना कालोनी पंहुचकर कर शुभकामनाएं दीं।

### रसिक महाराज ने शिक्षा मंत्री को बधाई दी

रसिक महाराज ने कहा कि छात्रसंघ चुनावों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और उन्हें सामाजिक एवं राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने में छात्र संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है स्वामी रसिक महाराज ने अभाविप के विजयी प्रत्याशियों एवं कार्यकर्ताओं को भी बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं को बेहतर अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक है उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सम्मान के लिए स्वामी रसिक महाराज का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और विद्यार्थियों के हित में आवश्यक कदम उठा रही है।

## एम्स ऋषिकेश में मनाया गया विश्व हृदय दिवस



### धड़कन को न चूकने दें के तहत किया जागरूक

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), ऋषिकेश में कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह की देखरेख में विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष की थीम DonÓt Miss a Beat (धड़कन को न चूकने दें) के तहत जनजागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत ओपीडी क्षेत्रों में आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को हृदय संबंधी बीमारियों व उनके उपचार को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य, कॉलेज ऑफ नर्सिंग डॉ. स्मृति अरोड़ा के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य कंप्रेशन-ओनली लाइफ सपोर्ट (Compression-Only Life Support-COLS) के बारे में आमजन को जागरूक करना था, जो किसी व्यक्ति के बेहोश होने और सामान्यरूप से सांस न लेने की स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करने की एक महत्वपूर्ण जीवनरक्षक तकनीक है अभियान के दौरान ओपीडी में आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों को कार्डियक अरेस्ट की शीघ्र पहचान, तत्काल आपातकालीन चिकित्सा सेवा (108) को सूचित करने तथा बिना देरी के छाती पर दबाव (Chest Compressions) शुरू करने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिभागियों को छाती पर दबाव देने की सही तकनीक का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। जनजागरूकता अभियान कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सहायक प्रोफेसर मनीष शर्मा की अगुवाई में सुश्री दीपिका, सुश्री पूनम, प्रदीप, सुश्री लाकिंत्यू एवं सुश्री आस्था, नर्सिंग ट्यूटर आदि द्वारा द्वारा आयोजित किया गया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# उ.प्र. विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर और यूजीसी को लेकर बढ़ी भाजपा की चिंता

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** आगामी विधानसभा चुनावों से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियम और अयोध्या में चंदा चोरी के आरोप जैसे मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर चिंता सामने आई है। पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारियों ने मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के सामने इन मुद्दों को लेकर अपनी आशंकाएं रखीं। संगठन में हाल में हुए व्यापक फेरबदल के बाद नवनियुक्त प्रभारियों और सह प्रभारियों की यह पहली औपचारिक सामूहिक बैठक थी। श्री नवीन ने प्रभारियों से राज्यों की जमीनी स्थिति खुलकर सामने रखने को कहा। भाजपा सूत्रों के अनुसार उत्तर प्रदेश, पंजाब, गोवा और मणिपुर समेत चुनावी राज्यों के प्रभारियों ने एसआईआर को संभावित चुनावी मुद्दे के रूप में उठाया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण और चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों को विपक्ष द्वारा उठाए जाने के कारण जनता के बीच भ्रम और आशंका पैदा हो रही है। उत्तर भारत के कुछ प्रभारियों ने यूजीसी के नए नियमों को लेकर भी चिंता जताई और इस दिशा में तत्काल कदम उठाने की जरूरत बताई। बैठक में अयोध्या में चढ़ावे की कथित चोरी का मुद्दा भी चर्चा में आया। प्रभारियों ने इसे लेकर भी अपनी आशंकाएं नेतृत्व के सामने रखीं। नबीन ने प्रभारियों से कहा कि विपक्ष की ओर से फैलायी जा रही नकारात्मक सूचनाओं का तथ्यात्मक जवाब जनता तक पहुंचाया जाए। उन्होंने एसआईआर के संबंध में निर्वाचन आयोग की ओर से स्पष्ट की गयी स्थिति को भी लोगों के सामने रखने को कहा। साथ ही चुनावी राज्यों में आपसी कलह, अंदरूनी खींचतान और भितरघात को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए।




## इंडी गठबंधन बिखर चुका है, 2027 में जनता देगी विपक्ष को जवाब- मौर्य

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडी गठबंधन बिखर चुका है और उसमें एकता नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल अपनी मांगें रखने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन जनता सब कुछ देख और समझ रही है तथा 2027 के विधानसभा चुनाव में अपने मत के माध्यम से जवाब देगी। श्री मौर्य ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इंडी गठबंधन की स्थिति सभी के सामने है।

अनुभवी लड़के की आवश्यकता है
एडवरटाइजिंग एजेंसी को मार्केटिंग हेतु एक अनुभवी एवं नजीबाबाद निवासी लड़के की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार दिया जाएगा।
यूजी मीडिया 8869085400, 9639264946







